# आम आदमी पार्टी का चेहरा बनकर उभर रहीं सुनीता केजरीवाल

**विश्लेषण**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद राजनीति में सक्रिय हुईं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को पार्टी का अगला चेहरा माना जाने के संकेत मिलने लगे हैं। राजनीति के सार्वजनिक मंचों से हमेशा दूरी बनाने वाली सुनीता केजरीवाल बीते कुछ समय से पार्टी की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

मंगलवार को विधायकों के साथ हुई बैठक के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में वह पार्टी के अंदर होने वाले राजनीतिक फैसलों में अहम भूमिका निभाएंगी। एक कारण यह भी है कि जेल में बंद अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के बीच सूचनाओं के आदान प्रदान की वह मुख्य कड़ी हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) का गठन हुए एक दशक से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन सुनीता केजरीवाल कभी भी राजनीतिक मंच पर सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आई थीं। बड़ी जीत हासिल करने के बाद वह अरविंद केजरीवाल के साथ नहीं दिखी, परंतु 21 मार्च की गिरफ्तारी के बाद दो बार पत्रकारवार्ता करना, आम आदमी पार्टी के एक अभियान को लॉन्च करना और फिर इंडिया गठबंधन में आप की तरफ से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के साथ राजनीतिक मंच शेयर करना यह बताता है कि वह सक्रिय तौर पर पार्टी गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। धीरे-धीरे वह पार्टी का अहम चेहरा बनकर उभर रही हैं।



सुनीता केजरीवाल

### सीएम तक संदेश पहुंचाने की कड़ी

बैठक में विधायक भले ही अपने संदेश पहुंचाने की बात कह रहे हैं, मगर सूत्रों की मानें तो यह बैठक सुनीता केजरीवाल की तरफ से बुलाई गई थी, जिसमें आप विधायकों के साथ भविष्य में पार्टी की रणनीति पर चर्चा के साथ अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर भी बात करनी थी। अब विधायकों ने खुला समर्थन का ऐलान किया है तो वह यह बात अरविंद केजरीवाल तक पहुंचाएंगी। आप के सूत्रों की मानें तो सुनीता केजरीवाल लोकसभा चुनाव, उसके आगे रणनीति को लेकर भी पार्टी नेताओं से अपडेट ले रही हैं। पति के साथ मुलाकात के दौरान उन सूचनाओं को वहां तक पहुंचा भी रही हैं।

### पार्टी में अहम भूमिका निभा रहीं

मंगलवार को भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल का संदेश आप विधायकों, मंत्रियों तक पहुंचाया है कि वह जेल जाने से चिंतित नहीं हैं। उनके इरादे मजबूत हुए हैं। इससे साफ है कि अरविंद केजरीवाल अगर इस्तीफा नहीं देते हैं तो वह आम आदमी पार्टी व दिल्ली सरकार दोनों सुनीता केजरीवाल के जरिए चलाते रहेंगे, क्योंकि जेल रहने के दौरान उन्हें पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात या वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत का मौका मिलता है, जिससे अब सुनीता केजरीवाल आम आदमी पार्टी में अहम भूमिका में नजर आएगी।

# ईडी का दावा, मुख्यमंत्री पूरी साजिश में शामिल रहे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** कथित आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में जवाब दायर किया। एजेंसी ने दावा किया कि केजरीवाल सीधे तौर पर आबकारी नीति के निर्माण में शामिल थे। वह पूरी साजिश में आंतरिक रूप से शामिल रहे हैं, जिसमें नीति का मसौदा तैयार किया गया था। इस मामले पर आज (बुधवार) सुनवाई होनी है।

■ जांच एजेंसी ने हाईकोर्ट में दाखिल सीएम की याचिका का विरोध किया

ईडी ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया। जांच एजेंसी ने कहा कि केजरीवाल को जांच में शामिल होने के लिए कई अवसर दिए गए। इस बाबत 9 समन जारी किए गए, लेकिन उन्होंने सहयोग नहीं किया। ईडी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) कथित शराब घोटाले में उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है। अपराध की आय का एक नगद हिस्सा 45 करोड़ रुपये वर्ष 2022 में गोवा में हुए विधानसभा चुनाव अभियान में इस्तेमाल किया गया। आप ने अरविंद केजरीवाल के माध्यम से धनशोधन का अपराध किया है। यह अपराध धनशोधन अधिनियम की धारा 70 के दायरे में आता है। आप एक राजनीतिक दल है, जिसमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत व्यक्तियों का संघ शामिल है।

**आप बोली- ईडी झूठ बोलती है:** ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वाले मामले में हाईकोर्ट में दाखिल जवाब पर पलटवार किया है। आप का कहना है कि ईडी झूठ बोलती है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तथाकथित शराब घोटाले में कोई मनी ट्रेल नहीं मिला है। कोई पैसा भी नहीं मिला है। ईडी सुप्रीम कोर्ट में एक भी सबूत पेश नहीं कर पाई है।

## दिल्ली सरकार की मंत्री ने कहा- भाजपा में शामिल होने का ऑफर मिला, रिश्तेदारों के घर छापे मारने की तैयारी

# मुझ समेत चार नेताओं को गिरफ्तार करेंगे : आतिशी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के विधायक ऋतुराज गोविंद के बाद अब दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भाजपा में शामिल होने का ऑफर मिलने का दावा किया है।

उन्होंने कहा कि बेहद करीबी व्यक्ति के जरिए यह संदेश उन तक पहुंचाया गया है। अगर ऐसा नहीं किया तो राजनीतिक कैरियर नहीं बच पाएगा और एक महीने में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मेरे परिवारवालों, रिश्तेदारों के यहां ईडी की छापेमारी होगी।

पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकारवार्ता में आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले आप के चार और नेताओं को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। अब वह मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करने की तैयारी में लग गए हैं। भाजपा को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी टूट जाएगी, क्योंकि आप का सारा शीर्ष नेतृत्व जेल में है, लेकिन रामलीला मैदान की महारैली और पिछले 10 दिन से सड़क पर हमारे संघर्ष के बाद भाजपा को लगता है कि शीर्ष नेताओं के अलावा पार्टी के दूसरे नेताओं को भी गिरफ्तार करना पड़ेगा।



नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारवार्ता करते आप नेता जास्मिन शाह, मंत्री सौरभ भाद्वाज और आतिशी (बाएं से दाएं)। ● सोनू मेहता

**हम डरने वाले नहीं :** आतिशी के मुताबिक, भाजपा ने मन बना लिया है कि आम आदमी पार्टी व उसके नेताओं को खत्म करना है। पहले हमारे शीर्ष चार नेताओं को जेल में डाल दिया। उससे भी पार्टी नहीं टूटी तो अब बाकी नेताओं को जेल में डालने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि लोकसभा चुनाव से पहले आप को और कमजोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। आप का हर नेता और कार्यकर्ता आखिरी सांस तक देश के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ता रहेगा।

**ऑपरेशन लोटस असफल हुआ :** आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडेय ने कहा कि भाजपा का आप को तोड़ने का मंसूबा बार-बार फेल साबित हो रहा है। भाजपा को लगा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजकर आप को तोड़ देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो चार और नेताओं को जेल भेजने की तैयारी है। भाजपा कई बार दिल्ली में ऑपरेशन लोटस को लेकर असफल रही है।

**आमने-सामने**

# पत्नी को गद्दी पर बैठाने के लिए सीएम ने रास्ता बनाया : भाजपा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री निवास पर आप विधायकों के जुटने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने से पहले यह तय किया कि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो जाए। विधायकों में सुनीता केजरीवाल के लिए स्वीकृति नहीं हैं, इसलिए मुख्यमंत्री ने ईडी के समक्ष इन नेताओं का नाम लेकर उन्हें संदेह के घेरे में डाल दिया है।

सचदेवा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर आप पर निशाना साधा। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी बौखलाई और घबराई हुई लग रही है। मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी के चेहरे और उनकी आवाज बता रही है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान में उनका नाम आने से वह निराश हैं।

मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्लीवासियों ने पूरी तरह से नकार दिया है। इसका प्रमाण तब देखने को मिला जब उन्हें अदालत से जेल ले जाया जा रहा था। इस दौरान सड़क पर कोई नहीं दिख रहा था। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से दिल्लीवासी खुश हैं। आम आदमी पार्टी द्वारा भाजपा पर आरोप लगाना एक मजाक है। सबको पता है कि जमानत देना या जेल भेजना अदालत का निर्णय होता है, भाजपा का नहीं।

### ऑपरेशन लोटस के आरोप पर माफी मांगें



दिल्ली की मंत्री आतिशी द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में सचदेवा ने कहा कि भाजपा न कोई ऑपरेशन लोटस चलाती है और न चलाएगी। अगर आम आदमी पार्टी के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं तो उसका कारण उनकी ही पार्टी के नेता हैं। आतिशी और सौरभ भारद्वाज ऑपरेशन लोटस से जुड़े आरोप और सबूत सामने रखें। अगर वह इसे लेकर माफी नहीं मांगेंगे तो कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### लोग बेहतर मुख्यमंत्री के हकदार : भाटिया

**नई दिल्ली, वि.सं.।** भाजपा ने मंगलवार को जेल में बंद होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने पर सवाल उठाया। पार्टी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लोग बेहतर मुख्यमंत्री के हकदार हैं, जो उन्हें एक ईमानदार और पारदर्शी सरकार दे सके। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत की। उन्होंने केजरीवाल पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्रिमंडल के सहयोगी सत्येंद्र जैन से इस्तीफा ले लिया, लेकिन कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। यह संवैधानिक नैतिकता का भी मामला है। भाजपा नेता ने कहा कि जब आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक राजनीति में आए थे तो उन्होंने दावा किया था कि वह भ्रष्टाचार को खत्म कर देंगे, लेकिन वह इसका पर्याय बन गए हैं।



# सिसोदिया की जमानत पर छह अप्रैल को सुनवाई होगी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** कथित आबकारी घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान उनकी जमानत पर सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी।

सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सिसोदिया जमानत के लिए पात्र हैं, क्योंकि सरकारी खजाने को नुकसान हुआ हो ऐसा कोई मामला नहीं है। वकील ने दावा किया कि कोई भी जांच एजेंसी यह साबित नहीं कर पाई है कि उनके हाथ कोई पैसा पहुंचा है। वह 13 महीने से जेल में हैं और कभी भी अदालत द्वारा दी गई स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया।

**ये है आरोप :** ईडी की चार्जशीट में सिसोदिया को मामले में प्रमुख साजिशकर्ता नामित किया गया था। पूर्व डिप्टी सीएम पर दिल्ली की नई आबकारी नीति को तैयार करने में अतिरिक्त हस्तक्षेप करने, विशेष शराब संस्थाओं के लाभ के लिए इसमें बदलाव करने और राज्य के खजाने को कई सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

### वह अब प्रभावशाली नहीं : बचाव पक्ष

अधिवक्ता माथुर ने तर्क दिया कि सिसोदिया जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट के लिए पास हैं, जिसमें कहा गया है कि जमानत तभी दी जा सकती है जब यह स्थापित हो जाए कि आरोपी के भागने का खतरा नहीं है, वह गवाहों को प्रभावित नहीं कर रहा है और सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, सिसोदिया अब प्रभावशाली नहीं हैं, क्योंकि वह अब डिप्टी सीएम नहीं हैं।

हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का
आओ राजनीति करें
मेरा भारत बनाएगा हिन्दुस्तान




आज ही अपनी आकांक्षाएं और प्राथमिकताएं साझा करें। हमें ईमेल करें ark@livehindustan.com या हमें Facebook पर टैग करें @aaorajneetikarein.
www.livehindustan.com | Livehindustannews | hindustannews

# ईडी के रवैये पर बचाव पक्ष ने सवाल उठाए

**कोर्ट रूम लाइव**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट में आप सांसद संजय सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के समक्ष दलील दी। इस दौरान उन्होंने ईडी के रवैये पर सवाल उठाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि जमानत का विरोध नहीं करने के लिए संबंधित अदालत में दी गई अनापत्ति का इस्तेमाल बाद में अरोड़ा द्वारा संजय सिंह का नाम लेते हुए दिए गए धारा 50 के बयान को प्राप्त करने के लिए किया गया था।

पीठ को बताया गया कि सिंह द्वारा संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के बाद ईडी ने प्रतिशोध की कार्रवाई शुरू की और उसके तुरंत बाद एजेंसी के अधिकारी उनके घर आए थे। उन्होंने सिंह की गिरफ्तारी की आवश्यकता और अरोड़ा द्वारा दिए गए दोषमुक्त संबंधी बयानों को 'अविश्वसनीय दस्तावेजों' में डालने के ईडी के आचरण पर सवाल उठाया, जिसे सिंह देख या प्राप्त नहीं कर सकते। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने इसे 'न्याय का मखौल' बताते हुए शीर्ष अदालत से इस प्रथा को रोकने की गुहार लगाई।



राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर उनकी पत्नी अनीता सिंह के गले मिलकर बधाई देते लोग। ● एजेंसी

### 11:15 बजे : सुनवाई शुरू

सांसद संजय सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी अपने मुवक्किल को जमानत देने की मांग की और कहा कि यह पूरा मामला सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयान पर आधारित है। अरोड़ा ने वास्तव में सिंह का नाम लेने से पहले 9 बयान दिए थे। सरकारी गवाह बनाए गए अरोड़ा की जमानत याचिका का ईडी ने विरोध नहीं किया।

### 2:00 बजे : के बाद पीठ दोबारा बैठी

मामले की दोबारा सुनवाई शुरू होते ही, ईडी की ओर से कहा गया कि यदि सिंह को जमानत पर रिहा किया जाता है तो उसे (जांच एजेंसी) को कोई आपत्ति नहीं होगी। इसके बाद पीठ से संजय सिंह को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**इसलिए नहीं किया विरोध :** कानून के जानकारों का मानना है कि यदि शीर्ष अदालत मामले के गुण दोष पर विचार कर फैसला करती तो उसमें पीएमएलए की धारा 45 के बारे में जिक्र करना आवश्यक होगा। यदि गुण दोष के आधार पर अदालत जमानत देती तो इसमें यह कहा जाता कि ईडी आरोपी के खिलाफ पहली नजर में धन शोधन का अपराध साबित करने में विफल रही। यदि ऐसा होता तो ईडी का पूरा मामला कमजोर हो सकता था।

### मां बोलीं- बेटा ईमानदार, पत्नी ने कहा- सच जीता

संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद परिजनों ने खुशी जताई। उनकी पत्नी अनीता सिंह के चेहरे पर मुस्कान थी तो मां उनकी जमानत की खबर से भावुक हो रही थी। उनकी मां ने कहा कि पूरा परिवार बेटे के साथ खड़ा था। हमें पता था कि हमारा बेटा ईमानदार है। अनीता सिंह ने भी कहा कि हमें खुशी मिली है कि इस लड़ाई में सच्चाई की जीत हुई है। उधर, जमानत की खबर के बाद नॉर्थ एवेन्यू स्थित उनके आवास पर समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। पार्टी के कई विधायक भावना गौड़, मदनलाल, बीएस जून भी उनके आवास पर पहुंचे।

### संजय सिंह को उपचार के लिए ले जाया गया

**नई दिल्ली, व.सं.।** तिहाड़ जेल में बंद राज्यसभा सांसद संजय सिंह को लिवर में समस्या के बाद मंगलवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित आईएलबीएस अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

उन्हें कई दिनों से लिवर की समस्या हो रही थी। जिसके चलते उन्हें जेल के अस्पताल में दिखाया गया था। जेल अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें आईएलबीएस ले जाने की सलाह दी थी।

**असमंजस** | मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देर से सोने के बाद सुबह जल्दी उठकर योगा किया

# तिहाड़ जेल में पहली रात बेचैनी के साथ काटी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पहली रात बेचैनी में कटी। सोमवार रात करीब साढ़े छह बजे घर से आया खाना खाने के बाद वह देर रात तक अपने बैरक में घूमते रहे। उन्होंने रात में किताब पढ़ी और फिर सो गए। सुबह करीब 6 बजे उठकर उन्होंने योगा किया। उन्हें शुगर है तो जेल नियमावली के अनुसार सुबह 7 बजे बिना चीनी वाली चाय व ब्रेड नाश्ते के तौर पर दी गई, लेकिन उन्होंने सिर्फ चाय पी और फिर टीवी देखने लगे।

जेल सूत्रों ने बताया कि रात में मुख्यमंत्री की दो बार नींद टूटी। इस दौरान वह बिस्तर पर बैठे नजर आए। थोड़ी देर बैठने के बाद वह फिर सो गए। इससे पहले उन्होंने बैरक के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी बात की और उनका हालचाल जाना। रात को देर से सोने के बाद भी वह सुबह जल्दी उठ गए। दिन में वह थोड़ी देर के लिए बैरक से बाहर भी निकले।

**घर के बिस्तर का इस्तेमाल नहीं किया :** जेल प्रशासन ने बताया कि सीएम के घर से सोमवार को ही बिस्तर भेजा गया था, लेकिन उन्होंने घर के बिस्तर का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने जेल की ओर से मिली चद्दर और कंबल का इस्तेमाल किया। हालांकि, घर से आया सभी सामान जेल कर्मचारियों ने उनके बैरक तक पहुंचा दिया है।



### वीडियो कॉल के जरिए पत्नी से बात की

जेल सूत्रों ने बताया कि मंगलवार दोपहर सीएम ने वीडियो कॉल के जरिए अपनी पत्नी से बात की। उनके बात करने के बाद सुनीता केजरीवाल की विधायकों के साथ बैठक हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि सीएम ने पार्टी और सरकार के बारे में सुनीता केजरीवाल से बात की है।

### डाक्टरों की टीम निगरानी कर रही

जेल सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री को शुगर की समस्या है, इसे देखते हुए उनके स्वास्थ्य पर जेल के डॉक्टरों का पूरा ध्यान है। ब्लड शुगर का लेवल कम या अधिक नहीं हो, इसके लिए डॉक्टरों ने समय समय पर जाकर उनका हाल लिया। जरूरत पड़ने पर इसकी जांच भी हो रही है। वहीं, मुख्यमंत्री के सेल के बाहर तैनात वॉर्डर को निर्देश दिए गए हैं कि यदि उनकी स्थिति थोड़ी भी असहज नजर आए तो वे तुरंत डॉक्टरों या आसपास उपलब्ध अधिकारी को पूरी स्थिति से अवगत कराएं। जेल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के शुगर के कारण जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है।

## काम की खबरें

**1** **आनंद विहार से गया के बीच विशेष ट्रेन चलेगी**
आनंद विहार से गया के बीच विशेष रेलगाड़ी चलेगी। गाड़ी संख्या 03639 गया से 4 अप्रैल की दोपहर 2:15 बजे चलकर अगले दिन सुबह 5 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी आनंद विहार 5 अप्रैल सुबह सात रवाना होगी।

**2** **इग्नू ने असाइनमेंट जमा कराने की तिथि बढ़ाई**
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने छात्रों से जून सत्र के ऑनलाइन व ऑफलाइन असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी है। इस बारे में अभ्यर्थी अधिक जानकारी इग्नू की वेबसाइट http://ignou.ac.in/ से भी प्राप्त कर सकते हैं।

**3** **प्रतीक्षा सूची के दाखिले छह अप्रैल तक होंगे**
सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 को लेकर नर्सरी से पहली कक्षा में दाखिला प्रक्रिया जारी है। प्रतीक्षा सूची के दाखिला को लेकर विद्यालयों में दौड़ शुरू हो गई है। छह अप्रैल तक प्रतीक्षा सूची के दाखिले होंगे। www.edudel.nic.in से जानकारी ले सकते हैं।

**4** **स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस के लिए आवेदन करें**
स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस बनवाने के लिए दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। https://mcdonline.nic.in/ पर नया लाइसेंस बनाने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण की सुविधा मिलेगी। इससे जुड़े मामलों के लिए निगम की हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं।

## आज का मौसम

35.0° अधिकतम | 18.0° न्यूनतम
सूर्योदय : 06:09 | सूर्यास्त : 18:39

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, कई इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है।

## मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (03 अप्रैल) रोजा बुधवार**
सुन्नी : 6:42 बजे शाम | शिया : 6:52 बजे शाम

**सहरी (04 अप्रैल) रोजा गुरुवार**
सुन्नी : 04:47 बजे प्रातः | शिया : 04:37 बजे प्रातः

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

## शहर 30s

### परीक्षा के लिए 450 स्कूल आवंटित

नई दिल्ली। यूपीएससी की ओर से ईपीएफओ और ईएसआईसी के पदों के लिए जुलाई में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर 450 स्कूल आवंटित कर दिए गए हैं। इसकी सूचना शिक्षा निदेशालय ने यूपीएससी को पत्र लिखकर दी है। उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी करने से पहले स्कूल प्रमुखों से परामर्श करने को लेकर निदेशालय ने निर्देश दिए हैं।

### स्कूलों में 30 अप्रैल तक ऑटिज्म माह मनाएंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 30 अप्रैल तक विश्व ऑटिज्म माह मनाया जाएगा। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और सामान्य बच्चों के समूह के लिए पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी सहित कई दूसरी गतिविधियां आयोजित होंगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने सर्कुलर जारी किया है।

### नरेला में नौ से राम कथा का आयोजन

नई दिल्ली। नरेला स्थित रामलीला दशहरा मैदान में नौ से 15 अप्रैल तक श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले सात अप्रैल को ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 17 अप्रैल को कवि सम्मेलन होगा। कथा का आयोजन भारतीय संस्कृति प्रचार समिति नरेला की ओर से किया जाएगा।

### शिक्षा निदेशालय ने खर्चों की जानकारी मांगी

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आर्थिक पिछड़ा वर्ग/वंचित वर्ग श्रेणी के छात्रों के खर्चे की अदायगी को लेकर सर्कुलर जारी किया है। इसमें निजी स्कूल प्रमुखों को शिक्षा निदेशालय के ऑनलाइन मॉड्यूल पर 31 मई तक खर्चे की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। 31 मई के बाद वह दावा नहीं कर सकेंगे।

### आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से डीडीए की बैठक होगी

नई दिल्ली। द्वारका के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बैठक करेगा। इसमें नरेला के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। सामुदायिक भवन में होने वाली बैठक में सड़क को बेहतर करने, गड्ढों को दूर करने, कई जगहों पर साइन बोर्ड लगाने जैसे मुद्दों पर बातचीत होगी। साथ ही कई सेक्टरों में पार्कों के बेहतर निर्माण करने को लेकर भी चर्चा होगी। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों के अनुसार द्वारका में कुछ जगहों पर कई बुनियादी सुविधाओं के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है।

### निगम सरफेस पार्किंग के लिए जगह तलाश रहा

नई दिल्ली। दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर नगर निगम की तरफ से सरफेस पार्किंग को शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में 20 से अधिक सरफेस पार्किंग पर फास्टैग के जरिए शुल्क का भुगतान करने की प्रक्रिया का भी संचालन होगा। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर जैसे रोहिणी, नरेला, नजफगढ़, दक्षिणी दिल्ली के कई क्षेत्रों में इसको स्थापित करने के लिए जगह देखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, आवश्यकता के तहत इस पार्किंग को शुरू करते हैं। अभी दिल्ली में 400 से अधिक पार्किंग का रखरखाव निगम करता है।

### प्राथमिक विद्यालयों में प्रतियोगिताएं होंगी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों में अगले दो सप्ताह के दौरान विज्ञान विषय पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसके लिए शिक्षकों ने छात्रों को तैयारी करने के लिए भी कहा है। साथ ही इस विषय पर कुछ प्रोजेक्ट को भी बनाने के लिए कहा जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को बनाने वाले छात्र पुरस्कृत भी होंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रदूषण की समस्या की रोकथाम को लेकर भी जागरूक किया जाएगा। इस विषय पर भी छात्रों को प्रोजेक्ट बनाने के लिए बोला गया है।

द्वारका सेक्टर-12 स्थित एक नामी विद्यालय का मामला, गुस्साए अभिभावकों ने विरोध-प्रदर्शन किया, मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी

# फीस नहीं देने पर ईडब्ल्यूएस छात्रों को घर भेजा

**सीनाजोरी**

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। दिल्ली के निजी स्कूलों में आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित वर्ग श्रेणी के बच्चों को परेशान करने का सिलसिला जारी है। द्वारका सेक्टर-12 स्थित एक नामी स्कूल ने फीस जमा न करने पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्रों को वापस घर भेज दिया। इससे नाराज अभिभावकों ने मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इनको संभालने के लिए पुलिस तक बुलानी पड़ गई।

**दोबारा प्रवेश के नाम पर 90 हजार मांगे :** अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्हें फीस भुगतान के लिए बाध्य कर रहा है। ऐसा न करने पर स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी अभिभावक अखिलेश ने बताया कि उनका बेटा नौवीं में पढ़ता है। सातवीं में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत दाखिला हुआ था। स्कूल अब दोबारा दाखिले के नाम पर 90 हजार रुपये फीस मांग रहा है। इसके लिए तिमाही में भुगतान का भी विकल्प दिया गया है, जबकि नियमों के मुताबिक 12वीं तक निशुल्क पढ़ाने का प्रावधान है।

**बच्चों ने भी धरना दिया :** इस स्कूल को लेकर शिक्षा निदेशालय के क्षेत्रीय, जिला सहित निजी स्कूल शाखा के मुख्यालय में शिकायत दी गई है। इसके बावजूद स्कूल मनमानी पर अड़ा है। मंगलवार को ईडब्ल्यूएस छात्रों को वापस घर भेज दिया। उन्हें कक्षा में घुसने नहीं दिया गया। छात्रों ने भी स्कूल के बाहर धरना देकर पढ़ाई के अधिकार को लेकर विरोध दर्ज कराया। यहां ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 50 से अधिक बच्चे हैं।

**फोन कर स्कूल आने से मना किया :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित नूर ए इलाही निवासी सागर इश्राक भी भांजी के दाखिले को लेकर परेशान हैं। उन्होंने बताया कि भांजी गोंडा के एक निजी स्कूल में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत पढ़ती है। अब छठी कक्षा में आई है। शिक्षक ने फोन कर ईडब्ल्यूएस के तहत बच्ची की पढ़ाई जारी रखने से मना कर दिया। स्थानांतरण प्रमाणपत्र भी लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

**नियमानुसार दबाव नहीं बना सकते संस्थान :** बता दें कि हाल ही में शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी किया था, जिसके अनुसार सरकारी निकायों की जमीन पर संचालित होने वाले निजी स्कूल नए सत्र 2024-25 के लिए आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) / वंचित वर्ग (डीजी) / विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) पर फीस भुगतान करने और स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेने के लिए दबाव नहीं बना सकते हैं। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा ने आदेश जारी किया है।



द्वारका सेक्टर-12 स्थित एक नामी स्कूल ने मंगलवार को फीस जमा न करने पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्रों को घर भेज दिया। जानकारी मिलने पर अभिभाक स्कूल के बाहर जमा हो गए। स्कूल के गेट पर प्रदर्शन करते अभिभावक। • हिन्दुस्तान

**90** हजार रुपये फीस मांगने का स्कूल पर आरोप लगाया

**12** वीं कक्षा तक निशुल्क पढ़ाने का प्रावधान है

### शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन : अग्रवाल

ऑल इंडिया पैरेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्कूल में पढ़ने का अधिकार है। सरकारी जमीन पर बने स्कूलों को 12वीं तक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान है। अगर, कोई स्कूल पढ़ाई रोकता है तो वह शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। साथ ही, कोर्ट की भी अवमानना है।

### हर साल यही समस्या, सुनवाई नहीं : एकरामूल

दाखिले के दौरान ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभिभावकों का मार्गदर्शन करने वाले मिशन तालीम के संस्थापक अध्यक्ष एकरामूल हर ने कहा कि स्कूलों में हर साल की यही समस्या होती है। इसके बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। इस कारण अभिभावकों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। हैरानी वाली बात यह है कि नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में ईडब्ल्यूएस दाखिले की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई।

# फेल विद्यार्थी अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं हो सकेंगे

**सांसत**

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा पांचवीं और आठवीं से 'नो डिटेंशन नीति' हटने से फेल विद्यार्थी अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं हो सकेंगे। ऐसे छात्रों को अब दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

9वीं में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी में कंपार्टमेंट देखने को मिली है। वहीं, 11वीं के छात्रों की अर्थशास्त्र सहित कई दूसरे विषयों में कंपार्टमेंट आई है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम में पहली से सातवीं कक्षा तक 'नो डिटेंशन नीति' के तहत सभी छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया गया है। आठवीं के छात्र इस नीति से बाहर थे। इस कारण कई विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाए। इन्हें अब दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

### आठ से परीक्षाएं होंगी

बता दें कि पांचवीं, आठवीं, नौवीं और 11वीं के छात्रों की कंपार्टमेंट परीक्षाएं आठ से 30 अप्रैल तक होंगी। कक्षा तीन से लेकर 9 और 11वीं कक्षा के विभिन्न विषय के अंकों में सुधार के लिए ऑनलाइन लिंक चार अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा।

# छठी के छात्रों को मई में पुस्तकें मिलेंगी

**सूचना**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों में कक्षा छह की नई पुस्तकें मई और तीन की इस माह आ सकती हैं। इसलिए स्कूल अभी इन कक्षाओं की किताबें उपलब्ध नहीं करा रहे हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा छह के बच्चों के लिए ब्रिज कोर्स तैयार किया है। इसके पढ़ने के बाद ही किताबें उपलब्ध होंगी। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के आधार पर 2024-25 में सबसे पहले तीसरी और छठी कक्षा की नई पुस्तकें आएंगी।

**छात्रों को सहजता से समझा सकेंगे :** शालीमार बाग स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अल्का कपूर ने बताया कि यह बदलाव एक प्रगतिशील कदम है, जो शिक्षा प्रणाली को अद्यतन और सुधार करने का प्रयास कर रहा है। नई पाठ्यपुस्तकें और ब्रिज कोर्स के माध्यम से हम छात्रों को अधिक स्पष्ट और सहज तरीके से समझा सकते हैं। इसके अलावा यह प्रणाली छात्रों की प्रतिभा को निखारती है, आज के दौर में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**संस्थानों को नोटिफिकेशन भेज चुका है बोर्ड :** इस बाबत सीबीएसई संबद्ध स्कूलों को विस्तृत नोटिफिकेशन भी भेज चुका है। सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) जोसेफ इमैनुएल ने कहा कि स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर तीसरी, छठी कक्षा के लिए इन नए पाठ्यक्रम को अपनाएं। एनसीईआरटी से सामग्री प्राप्त होने के बाद ये सभी स्कूलों को ऑनलाइन भेजी जाएगी। स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित होगा, ताकि उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 में परिकल्पित शिक्षण के नए तौर तरीके सीखने के दृष्टिकोण से अवगत कराया जा सके।

### पाठ्यक्रम वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे

एनसीईआरटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्कूलों को छठी की पाठ्य पुस्तकें आने से पहले अप्रैल में ब्रिज कोर्स पढ़ाना होगा। नई शिक्षा नीति के अनुसार, ब्रिज कोर्स में कई जानकारियां हैं। सभी अभिभावक इस पाठ्यक्रम को मुफ्त में वेबसाइट https://ncert.nic.in के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। पांचवीं के बच्चे पुराने पाठ्यक्रम से पढ़ाई कर रहे हैं। कक्षा छह में आने वाले बच्चों को नई शिक्षा नीति 2020 से सभी पहलुओं से रूबरू करवाने के लिए ब्रिज कोर्स तैयार किया गया है।

### सहभागिता योजना से जोड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे

नई दिल्ली। सहभागिता योजना से आरडब्ल्यूए, सोसायटियों और शिक्षण संस्थानों को जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन होगा। योजना के जरिए 90 फीसदी तक जमा कराने के बाद उन्हें 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# नरेला में जर्जर सड़कों से राहगीर हो रहे परेशान

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। नरेला में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत लगभग आठ हजार फ्लैटों के लिए आवेदन प्रकिया जारी है। यह सभी ईडब्ल्यूएस और एमआईजी फ्लैट हैं। यहां फ्लैट देखने आ रहे लोगों ने आसपास के इलाके में विभिन्न सुविधाओं को लेकर सवाल भी खड़े किए हैं।

फ्लैट खरीदार मुकेश ने बताया कि डीडीए ने आवासीय योजना के तहत फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग की प्रक्रिया शुरू कर रखी है। इस इलाके में सुरक्षा, स्ट्रीट लाइट और जर्जर सड़कों को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सिर्फ दावे किए जा रहे हैं। फ्लैट खरीदार अशोक ने बताया कि डीडीए के कॉल सेंटर में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर शिकायत दी थी, लेकिन समस्या के समाधान के लिए उचित जवाब नहीं मिलता है। सेक्टरों में साइन बोर्ड न होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। नरेला से सटे विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले सड़क मार्गों पर भी साइन बोर्ड नहीं हैं।

### अफसर बोले, लगातार काम करवा रहे

इस बारे में डीडीए के अधिकारियों ने कहा कि नरेला में कई शैक्षणिक संस्थान अगले तीन वर्षों में खुलेंगे। इसके लिए जमीन भी आवंटित कर दी गई है। पुलिस के कार्यालय भी खुलेंगे, जिससे नरेला में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी। इसके अलावा सड़कों के गड्ढों, स्ट्रीट लाइट और अन्य कार्यों पर लगातार रखरखाव का काम सुनिश्चित होता है। शिकायतों का जल्द समाधान होगा।

# छतरपुर से सुल्तानपुर के बीच मेट्रो धीमी चलेगी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली मेट्रो की यलो लाइन (समयपुर बादली से गुरुग्राम) के दो स्टेशनों छतरपुर से सुल्तानपुर के बीच मेट्रो का परिचालन 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से होगा। ऐसे में अगर आप यहां से होकर गुजर रहे हैं तो थोड़ा ज्यादा समय लग सकता है।

मेट्रो के मुताबिक, यहां रफ्तार कम करने का कारण कोई खराबी नहीं, बल्कि मेट्रो फेज चार में चल रहा निर्माण है। मेट्रो फेज चार में गोल्डन लाइन (एयरोसिटी से तुगलकाबाद) के बीच निर्माण कार्य चल रहा है। यलो लाइन के दो स्टेशन के पास से ही यहां पर भूमिगत स्टेशन का निर्माण चल रहा है। जिसके चलते यह फैसला किया गया है कि यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेन की स्पीड को 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जाएगा। मेट्रो का कहना है कि इस सीमित रफ्तार का यलो लाइन के दूसरे हिस्से पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बाकी कॉरीडोर पर मेट्रो की रफ्तार सामान्य रहेगा।

### फेज चार 65.15 किलोमीटर लंबा

मेट्रो फेज चार में कुल तीन कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। इसमें सिर्फ एयरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर ही नई लाइन है। निर्माण कार्य के चलते यहां से गुजरने वाली ट्रेन की स्पीड को कम करने का फैसला लिया गया है। पूरा मेट्रो फेज चार 65.15 किलोमीटर लंबा है।

# सफदरजंग में अल्ट्रासाउंड सुविधा का विस्तार होगा

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। सफदरजंग अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। आपातस्थिति में मरीज के पास पहुंचकर भी अल्ट्रसाउंड किया जा सकेगा। दरअसल, अस्पताल को सीएसआर फंड के तहत ओएनजीसी से कई चिकित्सीय उपकरण मिले हैं।

इसमें अल्ट्रासाउंड मशीन, मोतियाबिंद के उपचार में इस्तेमाल होने वाला फेको इमल्सीफिकेशन सिस्टम, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, इलेक्ट्रॉनिक बेड, आरओ प्लांट, वॉटर एटीएम, वेन व्यूअर्स, पोर्टेबल मॉनिटर, व्हीलचेयर और ट्रॉलियां सहित कई दूसरे उपकरण शामिल है। यह जानकारी अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. वंदना तलवार ने दी।

# 'ट्रैवल कंपनियों पर केंद्र सरकार निगरानी रखे'

**मांग**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। पर्यटकों के निजी ब्योरे की गोपनीयता को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। अदालत से मांग की है कि ट्रैवल कंपनियां बुकिंग के दौरान नाम, पता, फोन नंबर, आधार, पासपोर्ट विवरण आदि जानकारी गोपनीय रखे। इस बाबत केंद्र सरकार को निर्देश दिए जाएं। खासकर, विदेशी रूप से ट्रैवल कंपनियों पर निगरानी की जाए।

याचिका में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि विदेशी यात्रा कंपनियां आम आदमी से लेकर विधायकों, मंत्रियों, उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, रक्षा कर्मियों सिविल सेवक और उनके परिवार के सदस्यों का व्यक्तिगत डाटा एकत्र करती हैं। याचिका में दावा किया गया है कि ऐसी कई कंपनियां हैं, जो भारत में अपना परिचालन चला रही हैं। उनका आंशिक या पूर्ण स्वामित्व चीनी निवशकों के पास है। याचिकाकर्ता नागरिकों के आधार कार्ड और पासपोर्ट विवरण के संभावित दुरुपयोग को लेकर चिंतित है। सुझाव दिया कि केन्द्र सरकार को नागरिकों के डाटा को गोपनीय रखने के लिए ट्रैवल कंपनियों से लिखित वचन लेना चाहिए।

■ याचिका दायर कर पर्यटकों की गोपनीयता को लेकर चिंता जताई

**मौसम का मिजाज** | पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम श्रेणी में पहुंचा

# पांच दिन तक सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास रहेगा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह ठंडी हवा चलने से तापमान में कमी देखने को मिली। सोमवार के मुकबाले अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई, लेकिन न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट देखने को मिली। इसके चलते न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। अगले पांच दिन दिल्ली में गर्मी का असर कम रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। सोमवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में यह बदलाव दिख रहा है। दिल्ली में अगले पांच दिन तक मौसम में ठंडक बने रहने के आसार हैं। दिल्ली के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं होने की संभावना है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में बुधवार और शुक्रवार को कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।



राजधानी में मंगलवार को तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। लालकिले पर भ्रमण करने पहुंचे पर्यटक दोपहर में तेज धूप से बचते नजर आए। • संजीव वर्मा

### दिल्ली के वायु प्रदूषण में भी बड़ी राहत

राजधानी में वायु प्रदूषण में लगातार राहत बनी हुई है। मंगलवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 145 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में प्रदूषण मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में रहा। मंगलवार को केवल लोधी रोड, मुंडका और एनएसआईटी द्वारका में प्रदूषण खराब श्रेणी की शुरुआत में रहा। अगले तीन दिन तक दिल्ली में प्रदूषण मध्यम श्रेणी में ही बना रहने की संभावना है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2024
Empowering students for a brighter future
B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS
■ Electrical & Electronics Engineering
■ Electronics & Communication Engineering
APPROVAL & RECOGNITIONS
■ Approved by UGC & AICTE
■ Re-accredited by NAAC with A++ Grade
■ Accredited by NBA
■ Ranked in QS World Rankings 2024
NIRF INDIA RANKINGS 2023
■ 15th Best in University Category
■ 27th Best in Engineering Category
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया, कांग्रेस ने प्रकाश जोशी को मैदान में उतारा

# भाजपा हैट्रिक और कांग्रेस वापसी के लिए जुटी

वीआईपी सीट
नैनीताल-ऊधमसिंह नगर

■ जहांगीर राजू

हल्द्वानी। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर भाजपा के सामने जीत की हैट्रिक की चुनौती है तो कांग्रेस वापसी के लिए संघर्ष कर रही है। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में से नैनीताल-ऊधमसिंह नगर का इतिहास प्रतिष्ठापूर्ण रहा है। इस संसदीय क्षेत्र से केसी पंत और एनडी तिवारी जैसे कई दिग्गज राजनेता निकले हैं। कांग्रेस ने यहां अब तक 10 बार जीत दर्ज की तो भाजपा ने चार बार परचम लहराया है।

भाजपा ने इस सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है, वहीं कांग्रेस ने प्रकाश जोशी को चुनाव मैदान में उतारा है। नैनीताल को देश के उच्च शिक्षित संसदीय क्षेत्रों में गिना जाता है। इसलिए यहां के मतदाताओं की अपेक्षा जनप्रतिनिधियों से अधिक होती है। यह भी कहा जाता है कि मतदाताओं ने उन्हीं राजनेताओं को सिर माथे पर बिठाया है जो विकासपरक सोच रखते हैं। ऐसे में इस चुनाव में भाजपा-कांग्रेस में कड़ी टक्कर के आसार हैं।

**गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली** : नैनीताल लोकसभा सीट भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली भी रही है। वर्ष 1962, 1967 और 1971 में पंडित जी के पुत्र केसी पंत जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वहीं 1951 और 1957 में गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत यहां से लगातार दो बार सांसद चुने गए। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी इस सीट से तीन बार सांसद निर्वाचित हुए।

**प्रधानमंत्री बनने से चूके एनडी तिवारी** : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद एनडी तिवारी को प्रधानमंत्री बनाए जाने की चर्चा जोरों पर थी, लेकिन 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बलराज पासी ने एनडी तिवारी को इस सीट पर करारी शिकस्त दी थी, जिसके बाद पीवी नरसिम्हा राव को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट 2009 में नए परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई। इससे पहले यह नैनीताल-बहेड़ी लोकसभा सीट के नाम से जानी जाती थी। भौगोलिक दृष्टि से सीट का ज्यादातर हिस्सा मैदानी क्षेत्र है।

### सीट पर मतदाता




कुल मतदाता 21,31,929 | थर्ड जेंडर 56
पुरुष मतदाता 11,06,917 | महिला मतदाता 10,24,956

**2014**

| प्रत्याशी | दल | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भगत सिंह कोश्यारी | भाजपा | 6,36,769 | 57.8% |
| केसी सिंह बाबा | कांग्रेस | 3,52,052 | 32.0% |

**2019**

| प्रत्याशी | दल | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अजय भट्ट | भाजपा | 7,72,195 | 61.4% |
| हरीश रावत | कांग्रेस | 4,33,099 | 34.4% |

**विधानसभा क्षेत्रः14**
नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट में दोनों जिलों के 14 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ऊधमसिंह नगर के बाजपुर, गदरपुर, जसपुर, काशीपुर, खटीमा, किच्छा, नानकमत्ता, रुद्रपुर और सितारगंज जबकि नैनीताल जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र भीमताल, हल्द्वानी, नैनीताल, कालाढूंगी और लालकुआं शामिल हैं।

### कब कौन जीता

| वर्ष | निर्वाचित | दल |
|---|---|---|
| 1951 | सीडी पांडे | कांग्रेस |
| 1957 | सीडी पांडे | कांग्रेस |
| 1962 | केसी पंत | कांग्रेस |
| 1967 | केसी पंत | कांग्रेस |
| 1971 | केसी पंत | कांग्रेस |
| 1977 | भारत भूषण | बीएलडी |
| 1980 | एनडी तिवारी | कांग्रेस |
| 1984 | सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया | कांग्रेस |
| 1989 | महेन्द्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भाजपा |
| 1996 | एनडी तिवारी | कांग्रेस |
| 1998 | इला पंत | भाजपा |
| 1999 | एनडी तिवारी | कांग्रेस |
| 2004 | केसी सिंह बाबा | कांग्रेस |
| 2009 | केसी सिंह बाबा | कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भाजपा |
| 2019 | अजय भट्ट | भाजपा |

### छात्र राजनीति से केंद्र में मंत्री बनने तक का सफर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति की शुरुआत करने वाले अजय भट्ट ने 1980 में भाजपा की सक्रिय सदस्यता प्राप्त की। अयोध्या मंदिर निर्माण आंदोलन के दौरान और 1990 में भट्ट दो बार जेल गए। 1996 में रानीखेत विधानसभा सीट से पहली बार चुनाव जीतकर यूपी विधानसभा पहुंचे। 2019 में उन्होंने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा। इसमें उन्होंने रिकॉर्ड 7,72,195 वोट पाकर कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को शिकस्त दी। इसके बाद केन्द्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार में उन्हें रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं प्रकाश जोशी



कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी कांग्रेस हाईकमान के करीबी बताए जाते हैं। इससे पहले जोशी नैनीताल जिले की कालाढूंगी सीट से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता बंशीधर भगत से मात खानी पड़ी है।

**नैनीताल की विशेषता**
नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र मतदाताओं के लिहाज से उत्तराखंड की दूसरी बड़ी सीट है। नैनीताल शहर अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरी दुनिया में विशेष पहचान रखता है। इस संसदीय क्षेत्र में नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा, कैंची धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल हैं।

## वे दिन | किस्सा 1977 का

# मंच पर कार्यकर्ता के कंधों से कूद पड़े थे चौधरी चरण सिंह

■ मोती पार्क में हुई जनसभा में घटित वाकये से मची अफरातफरी

बरेली। किसान नेता चौधरी चरण सिंह 1977 के लोकसभा चुनाव में बरेली के मोती पार्क में जनसभा कर रहे थे। उनके भाषण को सुनकर एक उत्साही युवक मंच पर चढ़ गया और चौधरी साहब को अपने कंधों पर उठा लिया। चौधरी चरण सिंह को ऐसा महसूस हुआ कि युवक उन्हें गिराने के लिए ऐसा कर रहा है। वह आनन-फानन में युवक के कंधे से कूद पड़े। कुछ ही क्षणों के भीतर एकाएक हुए इस वाकये से चौधरी साहब और युवक दोनों ही गिरते-गिरते बचे।

आपातकाल के बाद 1977 में छठी लोकसभा के लिए चुनाव हो रहे थे। किसान नेता चौधरी चरण सिंह मोती पार्क में जनसभा करने पहुंचे तो युवाओं का रैला उमड़ पड़ा। इन युवाओं की भीड़ में बरेली कॉलेज के छात्र जनार्दन आचार्य भी मौजूद थे। चौधरी चरण सिंह ने अपने भाषण से सभी को मुग्ध कर दिया। चुनावी नारे लगे तो जनार्दन आचार्य भी जोश में आ गए और मंच पर चढ़ गए।

आचार्य ने अपना सिर चरण सिंह के दोनों पैरों के बीच डालकर उन्हें कंधों पर उठा लिया। अचानक से चौधरी साहब को ऐसा लगा कि जैसे युवक उन्हें गिराने की कोशिश कर रहा है। वह एकाएक कंधे से कूद पड़े। इस वाकये से मंच पर अफरातफरी मच गई। वरिष्ठ नेताओं और पुलिस ने स्थिति को संभाला।

**नेताओं तक पहुंचना था आसान**
आकाशवाणी और दूरदर्शन से जुड़े रहे जनार्दन आचार्य इस घटना को अपने ही अंदाज में सुनाते हैं। वह कहते हैं कि उस वक्त नेताओं तक पहुंचना बहुत आसान था। तब नेता सुरक्षा घेरे में घिरे वीआईपी न होकर जनता के वास्तविक प्रतिनिधि होते थे। अब जमाना काफी बदल गया है।

# विकास, निवेश और रोजगार के भरोसे जीत दर्ज करने की उम्मीद

मैदान के महारथी
डॉ. महेश शर्मा



**सोशल मीडिया फॉलोवर्स**
एक्स 2.77 लाख | फेसबुक 20 लाख

**परिचय**
आयु : 65 वर्ष
शिक्षा : एमबीबीएस
जन्म स्थान : गांव मनेती, अलवर, राजस्थान
परिवार : पत्नी डॉ. उमा शर्मा, बेटी डॉ. पल्लवी शर्मा, बेटा कार्तिक शर्मा

**सूबे की राजनीति से केंद्रीय मंत्री बने**
महेश शर्मा ने 2009 में गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था हालांकि तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बाद में उन्होंने प्रदेश की राजनीति में कदम रखा और 2012 में विधायक बने। विधायक रहते हुए महेश शर्मा ने 2014 में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल करने के बाद मोदी सरकार के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए। 2019 में गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की।

**नोएडा, विशेष संवाददाता।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगाने के सपने के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ. महेश शर्मा एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। उन्हें भरोसा है कि विकास, निवेश और रोजगार के दम पर सूबे की आर्थिक राजधानी में जीत दर्ज करने में सफल होंगे। वह 2014 में गौतमबुद्ध नगर सीट से जीत दर्ज कर पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। महेश शर्मा 2012 में नोएडा विधानसभा सीट से भाजपा के सिंबल पर जीत हासिल कर विधायक भी रह चुके हैं। पिछले 16 साल में हुए पांच चुनावों में उन्हें सिर्फ एक बार हार मिली।

दिल्ली से सटी गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट कई मायनों में अहम है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी का गौरव हासिल करने वाला नोएडा हो या फिर जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यमुना विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में विकसित होने जा रही फिल्म सिटी, सभी ने इस इलाके को खास बना दिया है। प्रदेश में सबसे अधिक निवेश गौतमबुद्धनगर जिले में हुआ है। खुर्जा में 1320 मेगावाट का पावर प्लांट और नोएडा में वेटलैंड का निर्माण हुआ है।

**निवेश से रोजगार के अवसर बढ़ने का दावा** : महेश शर्मा का चुनाव को लेकर अपनी रणनीति के संबंध में कहना है कि यह क्षेत्र मेरा है और मैं इसका। मुझे क्षेत्र में कोई चिंता नहीं है। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवेश हुआ है और विकास के कई अहम प्रोजेक्ट यहां चल रहे हैं। इनमें एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और अन्य योजनाएं हैं। इनके चलते यहां पर लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। हालांकि, पूर्व केंद्रीय मंत्री के सामने विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत किसानों को मनाने की चुनौती होगी। उन्हें लोकसभा क्षेत्र में व्याप्त अंतर्कलह और पार्टी में असंतुष्टों की एक बड़ी लॉबी से भी निपटना होगा। उन्हें ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो का काम शुरू न हो पाने और फ्लैट खरीदारों की समस्याओं का पूरी तरह समाधान न हो पाने से जुड़े सवालों का भी सामना करना होगा।

महेश शर्मा के पिछले 10 साल के कार्यकाल में यहां से विपक्ष साफ हो गया है। कोई भी विधायक, एमएलसी या जिला पंचायत अध्यक्ष पूरे लोकसभा क्षेत्र में अन्य किसी दल का नहीं है।

## बायस्कोप | प्रतिद्वंद्वी से चुनाव खर्च मांग लेते थे राजनारायण



वाराणसी लोकसभा सीट से दिग्गज समाजवादी नेता राजनारायण 1980 के चुनाव में जनता दल सेक्युलर के प्रत्याशी थे। वह कांग्रेस नेता पंडित कमलापति त्रिपाठी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे। प्रचार के दौरान की इस तस्वीर में राजनारायण तत्कालीन पार्टी पदाधिकारी शतरुद्र प्रकाश (बाद में यूपी के कैबिनेट मंत्री बने) के कंधे पर हाथ रखकर हंसते हुए अपनी बात कहते दिख रहे हैं। हालांकि, कांटे के मुकाबले में वह 25 हजार मतों से चुनाव हार गए थे। तीखे तेवर के साथ मनोविनोद के लिए मशहूर राजनारायण अपने प्रतिद्वंद्वी पंडित कमलापति त्रिपाठी से चुनाव खर्च की मांग कर बैठते। पंडितजी उनकी मांग पूरी करने में देर भी नहीं करते थे।

# कांग्रेस ने 17 और प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की ग्यारहवीं सूची जारी कर दी है। पार्टी ने जहां बिहार में दूसरे चरण के चुनाव में शामिल तीन सीट पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, वहीं पार्टी ने कडप्पा से आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला को चुनाव मैदान में उतारा है।

पार्टी की नई सूची में ओडिशा से आठ, आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने बिहार में किशनगंज से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद, कटिहार से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर और भागलपुर से अजीत शर्मा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बिहार में पार्टी राजद के साथ गठबंधन में नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है।

पार्टी ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला को कडप्पा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इस सीट से शर्मिला के पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी और भाई वाईएस जगनमोहन रेड्डी सांसद रह चुके हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला चचेरे भाई वाईएस अविनाश रेड्डी से होगा। जगनमोहन रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने के बाद वाईएस अविनाश रेड्डी इस सीट से सांसद हैं। शर्मिला के चुनाव मैदान में उतरने के बाद यह साफ हो गया है कि आंध्र की लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

**कांग्रेस ने 231 उम्मीदवार घोषित किए** : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अब तक 231 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इससे पहले पार्टी ने नौ अलग-अलग सूचियों में 214 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया था।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **एग्जिट पोल क्या है और इसे कब किया जाता है ?**
एग्जिट पोल एक तरह का चुनावी सर्वे है। यह मतदान के दिन किया जाता है। मतदान करके बाहर निकले मतदाताओं से सवाल किया जाता है कि उन्होंने किस पार्टी या प्रत्याशी को वोट दिया है। इस तरह से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करके एजेंसियां अनुमान लगाती हैं कि चुनावी नतीजे क्या होंगे। एग्जिट पोल सभी चरणों की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रसारित किया जा सकता है।

■ **पहली बार एग्जिट पोल कब शुरू हुआ ?**
सबसे पहला एग्जिट पोल संयुक्त राज्य अमेरिका में 1936 में हुआ था। भारत में, एग्जिट पोल 1960 में दिल्ली स्थित सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज ने शुरू किया था। पहला चुनावी सर्वेक्षण 1980 के दशक में सामने आना शुरू हुआ। 1996 में दूरदर्शन द्वारा सीएसडीएस के लिए देशव्यापी एग्जिट पोल शुरू करने के बाद से सैटेलाइट टेलीविजन ने इसे प्रमुखता दी।

## चुनावी चकल्लस

### जनता सब देख रही फिर पर्दा कैसा

यूपी में एनडीए के एक सहयोगी दल ने गठबंधन के तहत मिलने वाली सीटें तय होने के बाद भी सीट और प्रत्याशी की आधिकारिक घोषणा पर पर्दा डाल रखा है। हालांकि, यह पर्दा पूरी तरह बेपर्दा सा है क्योंकि क्षेत्र में दल के प्रत्याशी और समर्थक पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, जिसे जनता साफ-साफ देख रही है। राज्य मुख्यालय लखनऊ से लेकर चुनाव क्षेत्र तक पार्टी पदाधिकारियों की दौड़ चल रही है। चंद रोज पहले तक इस दल के नेता बहुत परेशान थे क्योंकि विपक्ष से सांसद और प्रत्याशी नेता के परिवार से ही एक सदस्य के चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही थीं। अचानक विपक्षी गठबंधन का खेल बदला और परिवार के उस सदस्य की चुनाव लड़ने की चर्चाएं हवा हो गईं। इसके बाद दल के नेता और प्रत्याशी दोनों ने गहरी सांसें लीं। क्षेत्र की जनता तो अब कहने लगी है कि आखिर सांसद जी ने यह कैसा पर्दा डाल रखा है, जिसमें सब कुछ साफ दिख रहा है।

## सियासत 30S

### भूपेश बघेल ने राजनांदगांव से पर्चा भरा

राजनांदगांव। कांग्रेस उम्मीदवार और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 62 वर्षीय बघेल ने राजनांदगांव के जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट की।

### सीपीआई (एम) जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं लड़ेगी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता एम वाई तारिगामी ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के खिलाफ मतों को मजबूत करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी।

### कांग्रेस नेता गणेश्वर बेहरा ने इस्तीफा दिया

भुवनेश्वर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ओडिशा के पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। केंद्रपाड़ा जिले के रहने वाले बेहरा ने अपना इस्तीफा ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक को भेजा। बेहरा के बीजद में शामिल होने की संभावना है।


www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


## दूसरे चरण के लिए 34 नामांकन

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए मंगलवार तक 34 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को 22 ने नामांकन किया। अमरोहा में बसपा के मुजाहिद हुसैन व निर्दलियों में कुशाग्र, अमीचंद, मेरठ में भाजपा से अरूण चंद्रप्रकाश गोविल, बागपत में सर्वजन समता पार्टी से महेंद्र सिंह, गाजियाबाद में मिहिर सेना से अनिल कुमार उर्फ अनिल सिंह, राइट-टू-रिकॉल पार्टी से पूजा, सुखी समाज पार्टी से अवधेश कुमार व निर्दलीय रबी कुमार पांचाल ने नामांकन किया।

## पारस की पार्टी एनडीए उम्मीदवारों के साथ : नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। पारस ने मंगलवार को यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा की। हालांकि, न तो नड्डा और न ही रालोजपा की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि टिकट बंटवारे में नजरअंदाज किए जाने के पारस के आरोपों का मुद्दा किस प्रकार हल किया गया।



भाजपा अध्यक्ष ने मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया

बिहार में टिकट बंटवारे में भाजपा की ओर से चिराग पासवान के नेतृत्व वाले धड़े को तरजीह देने और उन्हें हाजीपुर सहित पांच सीट दिए जाने के बाद पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

## 'आप' ने चब्बेवाल को होशियारपुर से उतारा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से दो और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। प्रदेश के होशियारपुर लोकसभा सीट से पार्टी ने जहां राज कुमार चब्बेवाल को टिकट दिया है वहीं, आनंदपुर साहिब से मलविंदर सिंह कंग को मैदान में उतारा है।

'आप' के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने 'एक्स' पर पार्टी दो सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। चब्बेवाल ने कांग्रेस का साथ छोड़ कर पिछले महीने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। कंग आप की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता हैं।

## भाजपा सांसद अजय निषाद ने कांग्रेस का दामन थामा

आयाराम-गयाराम

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** बिहार के मुजफ्फरपुर से सांसद अजय निषाद ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। निषाद 2014 और 2019 में इस सीट से सांसद रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस उन्हें मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार बना सकती है।



निषाद को मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार बना सकती है पार्टी


अजय निषाद प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश, वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस में शामिल होने के बाद अजय निषाद ने कहा कि उन्हें किसी का अहंकार तोड़ना है और अपना खोया हुआ सम्मान वापस पाना है। हालांकि, कई बार सवाल किए जाने के बावजूद उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया कि उनका इशारा किस तरफ है।

**विश्लेषण** | कांग्रेस जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वादा कर रही, वहीं भाजपा को विश्वकर्मा योजना पर भरोसा

# लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ओबीसी मतदाता

■ सुहेल हामिद

**आम चुनाव में ओबीसी मतदाता**
(सीएसडीएस-लोकनीति के आंकड़ों के मुताबिक, सभी आंकड़े प्रतिशत में)




| वर्ष | कांग्रेस | भाजपा | क्षेत्रीय दल |
|---|---|---|---|
| 1996 | 25 | 19 | 49 |
| 1998 | 21 | 26 | 44 |
| 1999 | 25 | 23 | 41 |
| 2004 | 24 | 23 | 43 |
| 2009 | 24 | 22 | 42 |
| 2014 | 15 | 34 | 43 |
| 2019 | 15 | 44 | 27 |

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा जहां अब की बार चार सौ पार का नारे के साथ मैदान में उतरी है। वहीं, कांग्रेस इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। दोनों गठबंधन मतदाताओं का भरोसा जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। इस बीच, चुनाव में मतदाताओं की गोलबंदी के लिए ओबीसी अहम मुद्दा बनकर उभरा है।

चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग का भरोसा जीतने के लिए कांग्रेस जहां भागीदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने का वादा कर रही है। वहीं, भाजपा ने विश्वकर्मा योजना के जरिए ओबीसी का भरोसा बरकरार रखने की कोशिश की है। दोनों पार्टियों ने जिस तरह ओबीसी पर ध्यान केंद्रित किया है, उससे साफ है कि चुनाव में ओबीसी मतदाता अहम भूमिका निभा सकते हैं। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शिकस्त खा चुकी कांग्रेस इस चुनाव में ओबीसी मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने की पुरजोर कोशिश कर रही है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जाति जनगणना के मुद्दे को उठाते हुए भाजपा पर ओबीसी को धोखा देने का आरोप लगाया। वह लगातार यह पूछ रहे हैं कि भाजपा ने ओबीसी के लिए क्या किया।

**बिना ओबीसी बेहतर प्रदर्शन मुश्किल** : कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना कराने के साथ आरक्षण की पचास फीसदी सीमा को बढ़ाने का वादा कर रही है। पार्टी रणनीतिकार मानते हैं कि ओबीसी के समर्थन के बगैर लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन मुश्किल है। वर्ष 2004 और 2009 में कांग्रेस को 24 फीसदी ओबीसी मतदाताओं ने वोट किया था, जिसकी बुनियाद पर गठबंधन सरकार का गठन किया था।

रणनीतिकार मानते हैं कि पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा जितने बडे बहुमत के साथ जीत रही है, वह ओबीसी के समर्थन के बगैर संभव नहीं है। आंकड़े भी इस तरफ इशारा करते हैं। वर्ष 2014 में भाजपा को 34 और 2019 में 44 प्रतिशत ओबीसी वोट मिले। खासबात यह है कि ओबीसी में शामिल प्रमुख जातियों के मुकाबले गैर प्रमुख जातियों ने ज्यादा समर्थन किया।

## आयोग का 'मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर' जारी

चुनाव आयोग से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए आयोग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसके तहत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक 'मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर' जारी किया।

इसे नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा ताकि नवीनतम फर्जी खबरों के प्रसार पर अंकुश लगाया जा सके।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि गलत सूचनाओं और झूठे विमर्श के प्रसार के साथ, यह सक्रिय पहल सुनिश्चित करती है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारी पहुंचे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ इस माइक्रोसाइट को पेश किया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि रजिस्टर को लगातार अपडेट किया जाएगा ताकि ताजा फर्जी सूचना और बार-बार पूछे जाने वाले नये सवाल शामिल किए जा सकें।



सियासी बाजी

# बिहार में जदयू पर भाजपा ने लगाया बड़ा दांव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में बिहार की 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए में भाजपा, जदयू) और 'इंडिया' से राजद के बीच सियासी लड़ाई जारी है। 2019 के चुनावों में एनडीए ने 39 सीटें जीती थीं। लिहाजा, भाजपा को इस बार भी जदयू को लेकर एक बड़ा दांव खेला है। अब क्या जदयू के बार-बार पलटवार का असर चुनाव पर भी पड़ेगा, इस पर एक नजर।

### बिहार में बीजेपी, जदयू-राजद का संयुक्त वोट शेयर गिर रहा

वर्ष 1999 से भाजपा, जदयू और राजद ने बिहार में हर लोकसभा चुनाव लड़ा है। उस साल के लोकसभा चुनाव में तीनों पार्टियों का संयुक्त वोट प्रतिशत 77 फीसदी था। इसके बाद हर चुनाव में वोट शेयर में गिरावट आई है। यह 2019 तक 61 फीसदी तक पहुंचा। हालांकि, जदयू हर लोकसभा चुनाव में वोट शेयर के मामले नंबर दो की पार्टी रही।


बिहार में लोकसभा चुनावों में पार्टियों का वोट प्रतिशत




### जदयू के आने से भाजपा, राजद पर पड़ा असर

पिछले लोकसभा चुनाव में राजद 15 फीसदी वोट शेयर हासिल करने के बाद भी एक भी सीट नहीं जीत पाई। अगर 2004 के चुनाव को छोड़ दें तो राजद सीट शेयर और वोट शेयर के मामले में भाजपा और जदयू से बड़े पैमाने पर पिछड़ गया है। दरअसल, 1999 में जदयू के चुनावों में प्रवेश से भाजपा और राजद के सीट और वोट शेयर पर प्रभाव पड़ा है। जदयू ने अत्यंत पिछड़े सामाजिक समूहों, उच्च जाति के समर्थकों और निचले ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधित्व के तौर पर 2019 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की। वहीं राजद का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, जिससे उसके वोट पर असर पड़ रहा है।

बिहार में लोकसभा चुनावों में पार्टी अनुसार वोट और सीट शेयर




केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचार और घोटालों में पूरी तरह लिप्त

# एनडीए का मुकाबला नहीं कर सकता इंडिया गठबंधन : शाह

निशाना

बेंगलुरु, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि एनडीए और विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में कोई मुकाबला नहीं है। शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है।

शाह उत्तर बेंगलुरु, बेंगलुरु दक्षिण, बेंगलुरु ग्रामीण और चिक्कबल्लापुर लोकसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्रों (तीन से पांच मतदान बूथ का समूह) नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर भ्रष्टाचार और घोटालों में लिप्त होने का आरोप लगाया।

उन्होंने भरोसा जताया कि इस लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी।



बेंगलुरु में मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह को स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता। • प्रेट्र

### मोदी ने 23 साल में एक भी छुट्टी नहीं ली


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कभी छुट्टी नहीं लेने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कोई मुकाबला नहीं, जो गर्मी शुरू होते ही विदेश का दौरा करते हैं। मोदी शायद दुनिया के एकमात्र व्यक्ति हैं जो 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहे, लेकिन एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली।

### तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप

शाह ने कहा कि मोदी ने सुनिश्चित किया कि अयोध्या में रामलला टेंट से निकलकर विशाल मंदिर में निवास करें। उन्होंने कांग्रेस पर इस मामले को लटकाए रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल और मल्लिकार्जुन खड़गे पर तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने का आरोप लगाया।

# सत्ता में आए तो रेलवे को पुनर्जीवित करेंगे : खड़गे

दावा



कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार में रेलवे की हालत खराब

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को रेलवे की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि उसने रेलवे के वित्त, सुरक्षा, दक्षता और सामर्थ्य को नष्ट करके उसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी रेलवे को भारत के विकास इंजन के रूप में पुनर्जीवित करेगी।

एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार के तहत रेलवे तबाह हो गई है। ट्रेनों को केवल सेल्फ प्रमोशन के लिए उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के '3डी सेल्फी प्वाइंट' और 'वंदे भारत का हरी झंडी कार्यक्रम' भाजपा द्वारा रेलवे की पूर्ण उदासीनता, पूर्ण उपेक्षा और जानबूझकर कमजोर करने की कहानी है।

खड़गे ने दावा किया कि रेलवे अभी भी करोड़ों भारतीयों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन मोदी सरकार ने इसके वित्त, सुरक्षा, दक्षता और सामर्थ्य को नष्ट कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि समय पर चलने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 2012-13 में 79 प्रतिशत से घटकर 2018-19 में 69.23 प्रतिशत हो गई। भाजपा सरकार ने रेलवे में तीन लाख से अधिक रिक्तियां नहीं भरीं। कांग्रेस पार्टी रेलवे को भारत के विकास इंजन के रूप में पुनर्जीवित करेगी।

**मध्य वर्ग और आकांक्षी युवाओं के लिए सदैव नायक रहेंगे मनमोहन :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तीन दशक से अधिक समय की संसदीय पारी के समापन पर मंगलवार को उनके योगदान की बात की। उन्होंने कहा कि वह सदैव मध्यवर्ग और आकांक्षी युवाओं के नायक बने रहेंगे।

मनमोहन सिंह का राज्यसभा के सदस्य के तौर पर कार्यकाल बुधवार को पूरा हो रहा है। खड़गे ने सिंह को पत्र लिखकर पार्टी एवं देश के लिए उनके योगदान को याद किया। पत्र में खड़गे ने कहा, तीन दशकों से अधिक समय तक सेवा करने के बाद एक युग का अंत हो गया। बहुत कम लोग कह सकते हैं कि उन्होंने आपसे अधिक समर्पण और अधिक निष्ठा से हमारे देश की सेवा की है।

## सियासत 30s

### जनता का मिजाज बदल गया है: पवार



**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि जनता का मिजाज बदल गया है। उन्होंने कहा कि अब यह मोदी सरकार के खिलाफ है। पवार ने यह भी कहा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा, इस बारे में अभी तक कोई विचार नहीं हुआ है।

### जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगा गठबंधन: पायलट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबके हैं और भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, वह उन पर या धर्म पर एकाधिकार नहीं रख सकती। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) लोकसभा चुनाव भावनात्मक मुद्दों पर नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों के आधार पर लड़ेगा।

### दीपिका को चुनाव आयोग का नोटिस

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी दीपिका पांडेय को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। उनपर भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने का आरोप है। दीपिका झारखंड की महगामा विधानसभा सीट से विधायक हैं और इन दिनों चुनाव संचालन के लिए वह देहरादून आई हुई हैं। दीपिका ने पत्रकारों से वार्ता की। बाद में इसका प्रेस नोट जारी किया। आरोप है कि इसमें प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणियां की गई हैं।

### अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा : सिद्धरमैया

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अब चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ चार साल बाद काम करने के लिए स्वास्थ्य उनका पूरी तरह साथ नहीं देगा। पिछले साल के विधानसभा चुनाव के दौरान ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने ऐलान कर दिया था कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा, लेकिन वह राजनीति में बने रहेंगे।

### केरल के पर्यटन मंत्री रियास को नोटिस भेजा

**कोझिकोड (केरल)।** कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने केरल के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने रियास को नोटिस जारी किया है। यूडीएफ ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव के बीच एक सरकारी परियोजना की घोषणा करना गलत है।

### शिअद ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा पर भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने का आरोप लगाया। शिअद ने चुनाव आयोग से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की। शिअद ने कहा कि लालपुरा ने कथित तौर पर भाजपा के कार्यक्रमों में भाग लिया है,जिसमें राजनीतिक नेता पार्टी में शामिल होते हैं।

### आयुष्मान खुराना मतदान की अपील करेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में युवाओं से मतदान करने का आग्रह करने के लिए चुनाव आयोग ने अभिनेता आयुष्मान खुराना को चुना है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक वीडियो में 39 वर्षीय अभिनेता को देखा जा सकता है, जो युवाओं को आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### यूडीएफ पर राहुल अपना रुख स्पष्ट करें : भाजपा

**वायनाड (केरल)।** केरल में भाजपा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) द्वारा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को दिए गए समर्थन पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

# भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए 112 नाम घोषित किए

ओडिशा

नई दिल्ली/भुवनेश्वर, एजेंसी। भाजपा ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं। महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है।

इस सूची में उपासना सहित आठ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे, सेबती नायक (बोनाई), बबीता मलिक (बिंझरपुर), स्मृति रेखा पाही (धर्मशाला), कल्पना कुमार खारा (बालीगुडा), पार्वती परीदा (नीमापारा) और प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह (नयागढ़) शामिल हैं। प्रत्यूषा राज्य की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व सांसद हैं और नयागढ़ विधानसभा सीट से अरुण कुमार साहू के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी।

### कांग्रेस ने 47 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया

भुवनेश्वर। कांग्रेस ने मंगलवार को विधानसभा चुनावों के लिए 47 उम्मीदवारों की अपनी सूची जारी की। पूर्वी राज्य में 147 विधानसभा सीटें हैं। विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष शरत पट्टनाटक को नुआपाड़ा से उम्मीदवार बनाया है, जबकि पार्टी की अभियान समिति के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्त चरण दास कालाहांडी की नारला सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### बिजय पटनायक को परलाखमुंडी से टिकट

कांग्रेस ने नौकरशाह से नेता बने बिजय पटनायक को गजपति जिले की परलाखमुंडी सीट से मैदान में उतारा है। राजगांगपुर से अपने मौजूदा विधायक सीएस राजेन एक्का और जयपोर से ताराप्रसाद बाहिनीपति को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सामाखेमुंडी विधायक रमेश चंद्र जेना को भी फिर से नामांकित किया गया है, जबकि दशरथी गोमांगो अपनी मोहना (एसटी) सीट से चुनाव लड़ेंगे। बलभद्र माझी को लांजीगढ़ सीट से मैदान में उतारा गया है।

### आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के 114 उम्मीदवार घोषित किए

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 114 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। आंध्र प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एस. शैलजानाथ को सिंगनमाला (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया है।

# नेताओं को भ्रष्टाचारी बताने वाले पोस्टर हटाएं : कांग्रेस

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से राजधानी में कई जगहों पर लगे होर्डिंग्स पर ऐतराज जताते हुए उन्हें फौरन हटाने की मांग की है। पार्टी ने भाजपा के विज्ञापन में कलाकारों के जरिये नेताओं के दर्शाने पर विरोध जताते हुए चुनाव आयोग से फौरन ऐसे विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग की है।

चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि दिल्ली में कई जगह होर्डिंग्स लगी है, इसमें नेताओं के कैरीकेचर लगाकर उन्हें भ्रष्टाचारी करार दिया गया है। इन पोस्टर पर जारीकर्ता का नाम नहीं है। इसलिए यह गैरकानूनी है। इसके साथ सोशल मीडिया पर भी भाजपा ने विपक्षी नेताओं के बारे में कई पोस्ट की है। जो पूरी तरह आपराधिक है।

पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इसे फौरन रोकने के साथ आंध्र प्रदेश में सरकारी स्कीम के विज्ञापन में प्रधानमंत्री की तस्वीर का भी मुद्दा उठाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि आयोग ने हमें बताया है कि वह पहले ही इस बारे में कदम उठा चुके हैं।

# आठ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात

चुनाव आयोग से

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और खर्च की निगरानी के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक पूर्व नौकरशाह हैं। इन पर्यवेक्षकों को चुनाव के दौरान धनबल, बाहुबल और फर्जी खबरों और गलत सूचना के चलते पैदा होने वाली चुनौतियों को प्रभावी तरीके से निगरानी करने के लिए कहा गया है।

आयोग ने विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र में तैनात किया है, जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी विशेष पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं।

इन लोगों की हुई तैनाती

आयोग ने सेवानिवृत्त आईएएस मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। वहीं पूर्व आईपीएस विवेक दुबे को राज्य में पुलिस विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है, जबकि महाराष्ट्र में सेवानिवृत्त आईएएस धर्मेंद्र एस गंगवार को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है और पूर्व आईपीएस एनके मिश्रा को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में पूर्व आईएएस अधिकारी अजय वी नायक सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक पूर्व आईएएस आलोक सिन्हा हैं और पुलिस विशेष पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व आईपीएस अनिल कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आयोग ने पांच राज्यों के लिए विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में पूर्व राजस्व सेवा अधिकारी राजेश टुटेजा की तैनाती की गई है।

### आठ डीएम, 12 एसपी के तबादले

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों में आठ जिलाधिकारियों (डीएम) और 12 पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोग द्वारा की गई नियमित समीक्षा के तहत यह फैसला किया गया। आयोग ने साथ ही कहा कि जिन अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, उन्हें लोकसभा चुनावों के पूरा होने तक कोई चुनाव ड्यूटी नहीं दी जाएगी।

# शिवपाल यादव बोले, बदायूं से नहीं लड़ेंगे चुनाव

संभल, संवाददाता। बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल यादव ने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने अपने स्थान पर बेटे आदित्य यादव को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के बबराला में मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल यादव ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस पर राष्ट्रीय नेतृत्व फैसला करेगा।

सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने बबराला में फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल यादव ने कहा कि बदायूं लोकसभा क्षेत्र की बिसौली, सहसवान और बदायूं विधानसभा क्षेत्र में हुए सम्मेलन में जनता ने आदित्य यादव का नाम बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाने के लिए रखा है। गुन्नौर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में भी आदित्य यादव को बदायूं लोकसभा से चुनाव लड़ाने के लिए नाम की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अब नाम घोषित कर दिया गया है, लेकिन फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व को लेना है।



"हम तो युवाओं से भी कहना चाहते हैं कि उन्हें आगे आना चाहिए। हम तो बुजुर्ग हो चले हैं। जब सीढ़ियों पर चढ़ते हैं, तो नौजवानों का सहारा लेना पड़ता है। -शिवपाल यादव

**शिवपाल यादव चाहते थे संभल सीट :** असल में शिवपाल की नजर बदायूं के बजाए संभल पर थी। वह वहां से लड़ना चाहते थे लेकिन पार्टी ने संभल से पार्टी सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क को उतार दिया।

### कन्नौज छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे : अखिलेश

**कन्नौज।** इत्रनगरी में सपा प्रत्याशी को लेकर चल रहा सस्पेंस बरकरार है। मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इशारों-इशारों में खुद चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि कौन कहता है वह कन्नौज छोड़ रहे हैं, यह तो मेरा घर है। अखिलेश ने भाजपा पर जमकर हमला बोला और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भाजपा को सभी 80 सीटों पर हराएंगे।

### मेरी जीत मेरे निष्कासन का जवाब होगी: मोइत्रा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता महुआ मोइत्रा ने पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से बड़े अंतर से अपनी जीत का दावा किया।

उन्होंने कहा कि उनकी जीत पिछले साल उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने और 'नगद के बदले सवाल पूछने' के मामले में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की 'साजिश' का करारा जवाब होगी। तृणमूल कांग्रेस ने मोइत्रा को पिछले साल लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद कृष्णानगर सीट से फिर से टिकट दिया है।

इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइज़ेशन
(भारत सरकार का उद्यम)
भारत मंडपम, नई दिल्ली–110001 (भारत)

निविदा आमंत्रण सूचना

सीएमडी आईटीपीओ, नई दिल्ली और मुख्य आयुक्त, इंडिया पेवेलियन की ओर से, "ओसाका, जापान में आयोजित होने वाले वर्ल्ड एक्सपो, 2025 हेतु भारतीय पेवेलियन के निर्माण के लिए विस्तृत डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण के आधार पर, एक्सपो के दौरान आंतरिक डिज़ाइन और सजावट, संचालन और व्यापक रखरखाव की सेवाओं के साथ तथा बाद में भारतीय पवेलियन को हटाने के कार्य निष्पादन हेतु" मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज निम्नलिखित वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 22.04.2024 है।

www.indiatradefair.com
https://www.indconosaka.gov.in
https://www.indembassy-tokyo.gov.in/eoityo_pages/NQ
https://www.expo2025.or.jp/en/association/maintenance/news-20240219-01/

LALIT NARAYAN MITHILA UNIVERSITY
Kameshwaranagar, Darbhanga
Adv. No. - 01/2024 / CET-B.Ed.-2024
RETENDER NOTICE
CET-B.Ed.-2024

Sealed tender in hard copy (two bid system) is invited for hiring agency for online processing of pre & post Examination works of CET-B.Ed.-2024 for the year 2024 admission to be conducted at the Bihar State Level.
Tender Notice in detail and Tender Document giving scope of the work and other details can be downloaded from the University website (www.lnmu.ac.in) upto 07.04.2024 by 4:00 PM.

- By order of the Vice-Chancellor
Prof. Ashok Kumar Mehta
State Nodal Officer
CET-B.Ed.-2024

आनाकानी | प्रथम चरण का नामांकन पूरा होने के बाद महिलाओं का प्रतिनिधित्व उम्मीदों के अनुसार नहीं, तय लक्ष्य के मुताबिक टिकट देने की कोशिश राजनीतिक दलों में नहीं दिखी

# महिलाओं को उम्मीदवार बनाने में दलों की हिचकिचाहट बरकरार

■ पंकज कुमार पाण्डेय

नई दिल्ली। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए ऐतिहासिक नारी वंदन कानून पर जब संसद में चर्चा हो रही थी तो ज्यादातर दलों के नेताओं ने लंबे चौड़े भाषण किए थे। कानून पारित हुआ तो श्रेय लेने की होड़ दिखी थी। हालांकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का नामांकन पूरा होने के बाद अब तक उम्मीदवारों की जो सूची सामने आई है वह महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिहाज से उम्मीदों के आसपास नहीं है।

### मौजूदा लोकसभा चुनाव में अब तक के आंकड़े




### चुनाव दर चुनाव महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा

| लोकसभा चुनाव | महिला सांसदों की संख्या |
| --- | --- |
| 2014 | 62 |
| 2019 | 78 |

### अन्य देशों में महिला सांसदों का मौजूदगी (प्रतिशत में)

| | |
| --- | --- |
| रवांडा | 61 |
| दक्षिण अफ्रीका | 43 |
| ब्रिटेन | 32 |
| अमेरिका | 24 |
| बांग्लादेश | 21 |

संसद में भागीदारी का दायरा लगातार बढ़ा जरूर है लेकिन, पार्टियों के दावे और महिला आरक्षण कानून की भावना के लिहाज से बात करें तो महिलाओं को तय लक्ष्य के मुताबिक टिकट देने की कोशिश राजनीतिक दलों में नहीं दिखी है। जानकारों का कहना है कि लगभग सभी दल जिताऊ उम्मीदवारों के नाम पर टिकट बांटते हैं इसलिए जब तक आरक्षण के जरिए प्रतिबद्धता नहीं होगी, दल ऐसे ही टिकट देने से बचते रहेंगे।

**महिला उम्मीदवार बनाने में टीएमसी आगे:** मौजूदा लोकसभा चुनाव में महिलाओं को उम्मीदवार बनाने का प्रतिशत देखें तो दो प्रमुख राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस अगर 20 फीसदी की आंकड़ा छू सकें तो बड़ी बात होगी। इस लिहाज से टीएमसी सबसे आगे दिख रही है। टीएमसी ने बंगाल की 42 सीटों में से 12 पर महिला उम्मीदवार उतारे हैं।

**भाजपा ने 66 महिलाओं को टिकट दिया:** भाजपा की अब तक 400 से ज्यादा उम्मीदवारों की सूची में करीब 17 फीसदी महिला उम्मीदवार हैं। भाजपा ने अब तक 66 महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा है।

**कांग्रेस का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का दावा:** कांग्रेस की 213 उम्मीदवारों की सूची में महिला उम्मीदवार 14 फीसदी के आसपास ही हैं। पार्टी में अब तक महिला उम्मीदवारों की संख्या 29 है। कांग्रेस का दावा है कि आखिरी सूची आते-आते महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, लेकिन अभी तक जारी कोई भी सूची इस लिहाज से बहुत उम्मीद बढ़ाने वाली नहीं रही।

# दवाओं की गुणवत्ता

स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जो कुछ कहा है, उसके गहरे निहितार्थ हैं और इसे व्यक्ति या संस्थान विशेष के मामले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने दोटूक कहा है कि 'न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट, बल्कि देश के किसी भी न्यायालय ने यदि कोई आदेश पारित किया है, तो उसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।' अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है! निस्संदेह, भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर में साख है और यह प्रतिष्ठा उसने एक-दो महीने या साल में नहीं अर्जित की है, यह इंसाफ के प्रति उसकी दशकों की प्रतिबद्धता का फलितार्थ है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अपने आदेश की नाफरमानी को उचित ही गंभीरता से लिया है। स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की शीर्ष अदालत में सशरीर उपस्थिति और उनके माफीनामे पर अदालत की प्रतिकूल टिप्पणी इस बात की तस्दीक करती है। अदालत ने अगली सुनवाई में भी इन दोनों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

दरअसल, भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर जो टिप्पणी की है, वह भी सत्ता-प्रतिष्ठानों को आईना दिखाने के लिए काफी है। विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है, वह अपने पेशेवरों के आचरण की निगरानी का कोई अचूक तंत्र अब तक विकसित नहीं कर पाया है! सोशल मीडिया में हर कुछ दिन पर चिकित्सकों की लापरवाही या मरीजों से मार-पीट के वीडियो वायरल होते रहते हैं। आईएमए कितनों के खिलाफ कार्रवाई करता है? आईएमए को इस पहलू पर भी चिंता करनी चाहिए।

**समय आ गया है कि आयुर्वेदिक दवा की परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। सत्यापित दवाओं के विज्ञापन से किसी को क्या गुरेज होगा?**

इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं! अभी कितने दिन हुए होंगे, जब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? अभी तीन दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। सत्यापित दवाओं के विज्ञापन से किसी को क्या गुरेज हो सकता है? इससे न सिर्फ आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली की प्रतिष्ठा दुनिया भर में बढ़ेगी, बल्कि निरीह मरीजों को किसी छलावे का शिकार बनने से भी बचाया जा सकेगा।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले

03 अप्रैल, 1949

### युद्ध की चिनगारी

एटलांटिक समझौते की शर्तों की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय स्थिति आरोपों तथा प्रत्यारोपों से और भी जटिल बन गई है। कोई भी दिन ऐसा नहीं जाता जब ब्रिटिश-अमरीकी गुट तथा रूसी गुट के नेता तथा समर्थक एक-दूसरे पर अभियोग नहीं लगाते। अविश्वास तथा मनोमालिन्य के विषाक्त वातावरण में घटनाचक्र भी अवांछनीय दिशा में चलने लगता है। एटलांटिक समझौते की शर्तों के प्रकाशित होते ही उस समझौते से संबंधित देशों के कम्युनिस्टों ने खुलेआम कह दिया कि वे रूस का साथ देंगे। एटलांटिक तथा प्रशांत में 'रक्षा-तैयारियों', जिन्हें सोवियत रूस तथा उसके समर्थक देश कम्युनिस्ट विरोधी तैयारियां कहते हैं, से उत्तेजित होकर चीन के कम्युनिस्ट रेडियो ने भी ''अमरीकी साम्राज्यवाद'' को चुनौती दे डाली तथा एशियाई जनता से संगठित होकर उसका सामना करने के लिए अपील की। शेन्सी रेडियो हिन्देशिया की जनता से डच साम्राज्यवाद के उन्मूलन के लिए जिस तरह जोरदार अपील कर रहा है, उसका निश्चय ही हिन्देशियाई जनता पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि डच हिन्देशिया को मुक्त नहीं करना चाहते। वे तरह-तरह के कूटनीतिक कुचक्रों से काम ले रहे हैं और ब्रिटेन, अमरीका तथा उनके साथियों को डचों के अन्याय के प्रतिकार के लिए कोई सशक्त कदम उठाने का साहस नहीं हो रहा। इसका स्पष्ट प्रमाण संयुक्त राष्ट्र संघ में स्वीकृत कनाडा का प्रस्ताव है। यह तो एक प्रकार से संयुक्त राष्ट्र संघ का आदेश नहीं, बल्कि उसकी अनुनय-विनय है और इसमें संदेह है कि डच इसको भी वास्तविक अर्थों में स्वीकार करेंगे।

अपनी आंख के शहतीर को न देखकर दूसरे की आंख के तिल को देखने वाले युद्ध की तैयारियों की चर्चा करते रहते हैं। ब्रिटेन तथा अमरीका में अदूरदर्शी व्यक्ति बार-बार दुर्धर्ष लाल सेना तथा सोवियत फौजी तैयारियों का भय दिखाते रहते हैं। हाल ही में एक अमरीकी प्रवक्ता ने कहा था कि परमाणु-बम निर्णायक अस्त्र नहीं होगा, क्योंकि रूस ने उसके प्रतिकार के साधन खोज लिये हैं। और वह भी परमाणु-अस्त्रों के निर्माण में समर्थ है। एक अन्य अमरीकी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अमरीका में रूसी जासूसों का जाल बिछा हुआ है। जहां एक ओर यह प्रचार हो रहा है, वहां सोवियत रूस की ओर से बार-बार अमरीकी जंगी तैयारियों का खाका खींचा जा रहा है।

# गाजा में कब तक गरजेंगी बंदूकें



यहां स्कैन करें

अश्विनी महापात्र | प्रोफेसर, जेएनयू

**नेतन्याहू की चिंता यह भी है कि गाजा से बाहर निकलने के बाद इजरायल के लिए मुश्किलें कहीं बढ़ न जाएं। आशंका है, ईरान जैसे देशों की मदद से हमास ताकतवर बन जाएगा।**



सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के कथित हमले में सात लोगों की मौत ने हमास-इजरायल जंग को एक नया मोड़ दे दिया है, वहीं दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऊपर संघर्ष-विराम का चौतरफा दबाव बढ़ने लगा है। पिछले रविवार को काफी बड़ी संख्या में इजरायली प्रदर्शनकारी हमास से युद्ध के खिलाफ नेतन्याहू सरकार को घेरते हुए सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायलियों को अब तक न छुड़ा पाने की सरकार की नाकामी से नाराज थे। वे संघर्ष-विराम और जल्द आम चुनाव कराने की मांग भी कर रहे थे।

साफ है, हमास पर हमले का दांव प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर उल्टा पड़ रहा है। पहले जब कभी ऐसे युद्ध हुए हैं, एकाध महीने के बाद बंदूकें खामोश हो जाती थीं और इजरायल व फलस्तीन अपनी-अपनी राह बढ़ जाते थे। मगर इस बार इजरायल ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया था, जिसकी कई वजहें थीं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसमें अपने लिए काफी संभावनाएं देख रहे थे। उन पर ऐसे-ऐसे आरोप लगे, जिनसे जनता में उनकी स्वीकार्यता घट गई थी, इसलिए इस युद्ध में डटे रहकर वह अपनी छवि मजबूत करना चाहते थे। मगर अब जिस तरह से उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है, उनकी कोशिश जल्द से जल्द हमास के समूल विनाश की होगी, ताकि एक तरफ लोग उनका लोहा मान सकें और दूसरी तरफ फलस्तीन की तरफ से इजरायल को कोई खतरा भी न रहे।

फलस्तीन में विपक्ष कमजोर पड़ गया है और पिछले साल की 7 अक्तूबर की घटना के बाद से वहां हमास का जनाधार बढ़ गया है। ऐसे में, नेतन्याहू की चिंता यह भी होगी कि गाजा से बाहर निकलने के बाद इजरायल के लिए मुश्किलें कहीं बढ़ न जाएं। आशंका है, ईरान जैसे देशों की मदद से हमास अधिक ताकतवर बन जाए। नेतन्याहू के लिए घरेलू दबाव ही काफी नहीं था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका के बदले रुख से भी इजरायल सकते में है। विगत 25 मार्च को पहली बार सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल संघर्ष-विराम की मांग की। जब इस संबंध में सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पेश किया गया, तो इजरायल को भरोसा था कि अमेरिका उसका साथ देगा और इस प्रस्ताव को वीटो करेगा, मगर वाशिंगटन ने इससे अलग रहना ही मुनासिब समझा और दबाव अब इजरायल पर आ गया है। इससे हमास को जरूर खुशी मिली होगी कि कम से कम अमेरिका की नीति तो बदली!

व्हाइट हाउस के लिए ऐसा करना अनिवार्य हो गया था। उसका कहना है कि इजरायल की जवाबी कार्रवाई में अब तक हजारों आम नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। तकरीबन 20 लाख फलस्तीनी राफा में पलायन करने को मजबूर हुए हैं, जहां मानवीय संकट चरम पर है। पिछले दिनों उत्तरी गाजा में विमानों से गिराए गए खाने के पैकेट पाने की कोशिश में 15 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। ऐसे में, इजरायल के साथ शुरुआत में भले ही पूरी दुनिया की सहानुभूति थी, लेकिन गाजा संघर्ष के लंबा खिंचने के बाद उसके प्रति विश्व बिरादरी का विश्वास डिग गया है।

अमेरिका की घरेलू राजनीति भी अब इसकी इजाजत नहीं देती कि वह इजरायली सैन्य कार्रवाई का पूर्ववत समर्थन करता रहे। पहले की अमेरिकी सरकारों की नजर में इजरायल नरसंहार से पीड़ित ऐसा देश था, जिसके हितों की रक्षा आवश्यक थी, लेकिन अमेरिका की नई पीढ़ी यही मानती है कि जब डेमोक्रेट नेता लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संजीदा हैं, तो उनकी सरकार फलस्तीनियों के अधिकारों पर चुप क्यों है? इसीलिए, संयुक्त राष्ट्र के संघर्ष-विराम प्रस्ताव को प्रकारांतर से सहमति देकर डेमोक्रेट नीति-निर्माताओं ने जन-आलोचना से बचने की राह निकाली। हालांकि, अमेरिकी यह भी मानते हैं कि संघर्ष-विराम की सूरत में इजरायल को हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

अभी तक इजरायल ने भले ही अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन मौजूदा घटनाक्रम का मतलब यह नहीं है कि दुनिया के देश इजरायल से दूरी बनाना चाहते हैं। भारत सहित तमाम मुल्कों का यही मानना है कि जब कभी इजरायल पर हमला होगा, दुनिया उसके साथ एकजुटता दिखाएगी, लेकिन फलस्तीन विवाद का भी समाधान होना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो हाल में ही दोहराया है कि फलस्तीन पर हम स्पष्ट हैं और उसे राष्ट्र का दर्जा मिलना चाहिए। हालांकि, यह किस रूप में होगा, यह एक अलग सवाल है।

इस सूरतेहाल में मुमकिन है कि गाजा में हम जल्द ही जंग थमते देखें। इजरायल अभी अमेरिका से नाराज है, लेकिन अमेरिकी हुकूमत इजरायली हितों की ही हिमायती है। वह इस क्षेत्र में लंबे समय तक सुरक्षा चाहती है, जिसके लिए बातचीत को ही वह उचित माध्यम मानती है। हो सकता है कि रमजान के महीने को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ यहां संघर्ष-विराम लागू हो जाए। गाजा तक पहुंचने का रास्ता खोला जा सकता है, ताकि जरूरतमंदों तक मानवीय मदद पहुंच सके। हमास व इजरायल एक-दूसरे के बंधकों को भी छोड़ सकते हैं, जिसके लिए जरूरी बातचीत परदे के पीछे चल रही है।

यहां अरब देशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। कुछ अरब देश एक समय इजरायल से संबंध बेहतर बनाना चाहते थे, लेकिन मौजूदा तनातनी को देखते हुए इसे टाल दिया गया है। अरब देशों में इजरायल की छवि खराब हुई है। फिलहाल कोई इस्लामी मुल्क सार्वजनिक तौर पर उसके साथ अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। वे फलस्तीन पर रुख स्पष्ट करने का दबाव इजरायल पर बना सकते हैं। वे नहीं चाहेंगे कि इजरायल गाजा से सरकार चलाए।

यही कारण है कि भारत के लिए चुनौती बड़ी है। हमारी रुचि खासतौर से भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) में है, जिसका एक हिस्सेदार इजरायल भी है। यह प्रस्तावित गलियारा तभी साकार हो सकता है, जब पश्चिम एशिया में शांति हो। इस गलियारे से हमारी सामरिक मौजूदगी मध्य-पूर्व में बढ़ेगी, जो अमेरिका भी चाहता है और यूरोप भी। इस गलियारे से हमें आर्थिक लाभ मिलेगा और पश्चिम एशिया पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसी कारण नई दिल्ली जल्द से जल्द इजरायल-हमास में संघर्ष-विराम चाहती है। हमारी सरकार का यही मानना है कि यहां किसी भी तरह से तत्काल शांति स्थापित हो। इसी में पूरे विश्व समुदाय के हित छिपे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बहुत महंगे होते चुनाव कहीं लोकतंत्र पर बोझ तो नहीं



यहां स्कैन करें

सी पी राय | सामाजिक विचारक

साल 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। प्रथम चरण के पर्चे भी भरे जा चुके हैं। सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है और खर्च भी बेतहाशा हो रहा है। इस चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खर्च इससे अधिक भी हो सकता है। साल 2019 के चुनाव में अनुमानतः 60 हजार करोड़ रुपया खर्च हुआ था, जो तब तक का सबसे महंगा चुनाव माना गया था, जबकि चुनाव 2014 में 9,357 करोड़ रुपया खर्च हुआ था।

आम चुनाव 1951-52 के कुल 10 करोड़ रुपये खर्च के मुकाबले अब खर्च तेजी से सुरसा के मुंह की तरह बढ़ता जा रहा है, जो देश के हालात, लोकतंत्र और चुनाव की शुचिता तथा चुनाव खर्चों की चिंता करने वालों को बहुत उद्वेलित कर रहा है। चुनाव इतना महंगा कैसे हो गया? महंगा होकर आम आदमी की पहुंच से दूर कैसे हो गया? अब तो चुनाव आयोग ने ही प्रत्याशी का खर्च 70 लाख रुपया कर दिया है और पार्टी द्वारा किया जाने वाला खर्च अलग है। कई चुनाव लड़े हुए साथियों से जब मैंने खर्च पूछा, तो चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। समाज में एक बहुत प्रतिष्ठित दंपति ने बड़े शहर से मेयर का चुनाव लड़ा, जब उनसे बात की, तो उन्होंने बताया कि दोनों की कुल जमा-पूंजी से 35 लाख रुपये खर्च हो गए, फिर भी वह चुनाव हार गए। उनका मानना है कि यदि एक करोड़ रुपये होते, तो चुनाव लड़ा जा सकता था। बाकी साथियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कम से कम दो करोड़ रुपये चाहिए। जीत के लिए यह आंकड़ा पांच से 10 करोड़ और उससे भी अधिक पर पहुंच जाता है। चुनाव लड़ चुके लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हर ब्लॉक में कम से कम दो गाड़ी चलाना होता है और एक क्षेत्र में 15 से 18 तक ब्लॉक होते हैं, तो कम से कम 30 से 45 गाड़ी का खर्च कम से कम दो लाख रुपया प्रतिदिन होता है। प्रत्याशी, चुनाव एजेंट और अन्य सहयोगियों की भी कम से कम पांच से 10 तक गाड़ी चलती है। हर ब्लॉक पर कम से कम एक कार्यालय चलता है, जिसका खर्च पांच से 10 हजार रुपये प्रतिदिन होता है। केंद्रीय कार्यालय का खर्च भी 10 हजार प्रतिदिन होता है। यह चुनाव लड़ने के लिए होने वाले खर्चों की छोटी झलक है। हिसाब लगाया जा सकता है कि प्रत्याशी और पार्टी कितना खर्च करती है।

**पांच साल में एक सांसद को अधिकतम एक करोड़ रुपये मिलते हैं, पर वह पांच से दस करोड़ रुपये अपने चुनाव पर खर्च कर देता है।**

जरा यह भी देखिए कि एक सांसद को कुल कितना पैसा मिलता है। सांसद को एक लाख रुपये तनख्वाह मिलती है, तो 60 हजार रुपये कार्यालय भत्ता, 70 हजार रुपये क्षेत्र का भत्ता मिलता है। किसी भी तरह से सांसद की आय 15 से 18 लाख रुपये सालाना ही होती है। अधिक से अधिक एक करोड़ रुपये उसे पूरे पांच साल में मिलते हैं, तब यह सोचने वाली बात है कि वह चुनाव लड़ने के लिए पांच से 10 करोड़ रुपये कहां से खर्च करता है? जाहिर है, चुनाव लड़ने के लिए वह पैसे जुटाता है या उसकी पार्टी जुटाती है। यहीं से शुरू होती है भ्रष्टाचार की कहानी और इसको तब ज्यादा बल मिला, जब सांसदों और विधायकों को विकास के लिए फंड मिलने लगा, जो दो करोड़ से शुरू होकर पांच करोड़ पहुंच गया। एक अनुमान है कि इसमें से पांच से पचास प्रतिशत तक सांसदों की जेब में आ जाता है। इसका सच क्या है, यह तो सांसद ही जानते हैं।

बहरहाल, तय तो यह हुआ था कि इस देश में गरीब भी चुनाव लड़ेगा, पर यह शायद सपना ही रह जाएगा। चुनावों में पूंजीवाद का यह नंगा नाच क्यों और तरह-तरह से धन की यह लूट क्यों? ऐसे सवाल लोकतंत्र और संविधान से चिपक गए हैं और मुंह चिढ़ा रहे हैं।

अब सवाल यह है कि यही चलता रहेगा या इसका कुछ निदान भी खोजा जाएगा? निदान खोजेगा कौन? उससे भी बड़ा सवाल है कि जो जनता भ्रष्टाचार से आजिज आ चुकी है और उससे पिंड छुड़ाना चाहती है तथा अपने नेताओं को पाक साफ देखना चाहती है, वह खुद इस महंगे चुनाव का हिस्सा क्यों बन जाती है? क्यों नकद, कबाब, शराब और साड़ी के लिए फंस जाती है? लोग क्यों अपने नेता से एक दिन 500 रुपया लेते हैं और पांच साल निराश होकर कोसते हैं? क्यों सुविधाओं का रोना रोते हैं? शायद सुधार का यही सही रास्ता है कि लोगों को युद्ध स्तर पर जागरूक व प्रशिक्षित किया जाए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# धर्म में उत्पीड़न का क्या काम

उस धार्मिक संस्कृति ने, जिसे हिंदुत्व के नाम से जाना जाता है, अपना स्वयं कोई नाम नहीं रखा, क्योंकि उसने अपनी सांप्रदायिक सीमाएं नहीं बांधीं; वह एक धर्म-सिद्धांत अथवा पंथ कम, ईश्वरोन्मुख मानव आत्मा के प्रयास की निरंतर बढ़ती हुई परंपरा अधिक है।

पश्चिम की मनोवृत्ति बहुत समय से पूरी मानवता के लिए एक ही धर्म के तर्क-विरुद्ध विचार को पोषित करती आई है। एक ऐसा धर्म, जो अपनी संकीर्णता, धर्म-सिद्धांतों की एक श्रेणी, एक उपासना पद्धति, अनुष्ठानों की एक प्रणाली, विधि-निषेधों के एक विन्यास, एक धार्मिक अध्यादेश के ही बल पर सार्वभौम हो। वह संकीर्ण असंगति एक सच्चे धर्म के रूप में इठलाती फिरती है, जिसे यहां लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने के डर से और दूसरे लोकों में ईश्वर द्वारा अस्वीकार अथवा भयंकर अनंत दंड दिए जाने के डर से सभी को स्वीकार करना चाहिए। मानव तर्कहीनता का यह विकृत सृजन, इतनी अधिक असहिष्णुता, क्रूरता, रूढ़िवादिता और आक्रामक कट्टरपंथ का यह जनक भारत के स्वतंत्र और लचीले मानस को कभी भी दृढ़तापूर्वक पकड़ नहीं पाया है।

मनुष्यों में हर जगह एक जैसी कमजोरियां होती हैं और विशेष रूप से धार्मिक रीति-रिवाजों के मामले में भारत में भी असहिष्णुता और संकीर्णता रही है... परंतु इन चीजों का उतना अनुपात नहीं हो पाया, जितना एक समय यूरोप में हो गया था। अधिकतर असहिष्णुता खंडन-मंडन के छोटे-मोटे स्वरूपों अथवा सामाजिक बाधा या जाति से बहिष्कार तक ही सीमित रही है। बहुत ही कम उन्होंने रेखा पार करके बर्बर उत्पीड़न के उन गुरुतर स्वरूपों को अपनाया है, जिन्होंने यूरोप के धार्मिक इतिहास के पटल पर एक लंबा, लाल व वीभत्स दाग अंकित कर दिया है।

भारत में सदैव एक अधिक पवित्र आध्यात्मिक बुद्धि की रक्षाकारी सूझ-बूझ क्रियाशील रही है। भारतीय धर्म ने यह महसूस किया कि चूंकि मस्तिष्क, प्रवृत्तियां और लोगों के बौद्धिक संबंध अपनी विविधता में निस्सीम हैं, इसलिए व्यक्ति को पूजा की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

वस्तुतः कोई भी व्यवस्था स्वयं वह परिवर्तन नहीं ला सकती, जिसकी मानवता को यथार्थ आवश्यकता है;

**भारतीय धर्म ने हमेशा यह महसूस किया कि चूंकि मस्तिष्क, प्रवृत्तियां और लोगों के बौद्धिक संबंध अपनी विविधता में निस्सीम हैं, इसलिए व्यक्ति को पूजा की पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।**

क्योंकि वह परिवर्तन विकसित होकर अपनी उच्चतर प्रकृति की संभावनाओं को सुदृढ़ रूप से प्राप्त कर लेगा, तभी आ सकता है, और यह विकास बाह्य नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन पर निर्भर है। मगर बाह्य परिवर्तन कम से कम उस अधिक यथार्थ सुधार के लिए अनुकूल परिस्थितियां तो तैयार कर ही सकते हैं या इसके विपरीत वे ऐसी परिस्थितियां ला दें, जिससे केवल कल्कि की तलवार ही पृथ्वी को उदंड आसुरी मानवता के भार से मुक्त कर सके। चुनाव स्वयं मानव जाति के हाथ में है; क्योंकि जैसा वह बोएगी, वैसा ही वह फल पाएगी।

श्री अरविंद

**शेखर कपूर | फिल्म निर्देशक**



**मोबाइल फोन को लेकर भारत में पहली बार जब चर्चा छिड़ी, तब लोग हैरान होकर सवाल पूछते थे कि देश की अशिक्षित विशाल आबादी स्मार्टफोन कैसे चलाएगी? नब्बे करोड़ स्मार्टफोन ने इसका उत्तर दे दिया है।**

## अनुलोम-विलोम

### कच्चातिवु विवाद



# मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश

क्या आम चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कच्चातिवु द्वीप को मुद्दा बनाया जा रहा है? जब 1974 में समुद्री सीमा का समझौता हो चुका है, तब 50 साल बाद 2024 में इस मसले को ऐन चुनाव के वक्त क्यों उठाया जा रहा है? ऐसे में, तो इतिहास के कई गड़े मुर्दे उखाड़कर सभी अपनी-अपनी राजनीतिक रोटी सेंकते रहेंगे। इससे मतदाताओं की भावना से भी खिलवाड़ होता है, जिसके कारण चुनाव आयोग को यह देखना चाहिए कि राजनीतिक दल किन-किन मुद्दों पर जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर ऐसा कोई मुद्दा, जिससे किसी की भावना आहत होती हो, तो उस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

सबसे अच्छा उपाय तो यही है कि लोगों को इस द्वीप की सच्चाई बताई जाए। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच स्थित ऐसा द्वीप है, जहां लोगों की रिहाइश नहीं है। यह द्वीप पहले पुर्तगालियों के अधीन था, जिसके बाद ब्रिटिश हुकूमत का यहां राज हुआ। चूंकि भारत सरकार ने इस पर अपने नियंत्रण का कभी दावा नहीं किया, इसलिए ब्रिटिश हुकूमत की एशिया उप-महाद्वीप से रवानगी के बाद यह श्रीलंका के पास आ गया। ऐसे में, इसे श्रीलंका को देने की बात बिल्कुल गलत है। 1974 के समझौते में भारत ने इस द्वीप पर श्रीलंका के दावे का कोई विरोध नहीं किया था। इतना ही नहीं, हमें यह भी देखना होगा कि अगर जमीन के ऐसे टुकड़े को, जो हमारे लिए किसी काम के न हों, पड़ोसी देश को देने से यदि आपसी संबंधों में गरमी आती है, तो ऐसा करने से किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए।

संभवतः इसी कारण मौजूदा केंद्र सरकार बांग्लादेश के साथ भूमि (एन्क्लेव) की अदला-बदली संबंधी समझौते पर सहमत हो गई थी, जिसे कांग्रेस सरकार ने तैयार किया था। इस समझौते में तो 162 एन्क्लेव की अदला-बदली हुई थी, जिनमें हमारे हिस्से 51 एन्क्लेव, तो बांग्लादेश के हिस्से में 111 एन्क्लेव आए। समझौते के तहत अदला-बदली की गई जमीनों की बात करें, तो हमने 17 हजार एकड़ भूमि बांग्लादेश को सौंपे, जबकि हमारे पास सिर्फ सात हजार एकड़ भूमि आई। इस तरह हमने करीब 10 हजार एकड़ जमीन बांग्लादेश को मुफ्त में दे दिए अथवा दान कर दिया। क्या इस नुकसान को भी अब चुनावी मसला बनाया जाना चाहिए? मेरा मानना है कि चुनाव विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, अस्पताल, रोजी-रोटी, रोजगार जैसे जरूरी मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए, न कि पुराने मुद्दों पर। कच्चातिवु विवाद असल में मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास जान पड़ता है।

जंग बहादुर सिंह, टिप्पणीकार

# कच्चातिवु हमारी संप्रभुता से जुड़ा मसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जब लिखा कि कैसे कांग्रेस ने कच्चातिवु श्रीलंका को दे दिया, तो स्वाभाविक ही हर भारतीयों की कांग्रेस से नाराजगी बढ़ गई और उनमें यह बात फिर से घर कर गई कि इस पार्टी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। यह तो भला हो सूचना के अधिकार कानून का कि ठीक वक्त पर लोगों को सच का पता चल गया। देखा जाए, तो कांग्रेस की यह पुरानी फितरत रही है। वह आपसी सौहार्द को मजबूत बनाने या दोस्ती बढ़ाने के नाम पर पड़ोसी देशों को चुपचाप भारतीय जमीनें हड़पने देती है। वह उसका विरोध नहीं करती। यही कारण है कि कच्चातिवु पर भारत ने अपना दावा छोड़ दिया और अब आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में श्रीलंकाई अधिकारियों ने यहां से छह हजार से अधिक भारतीय मछुआरों को पकड़ा है और उनकी अनगिनत नौकाएं जब्त की हैं। जरा सोचिए, हमारे मछुआरों को अपने ही क्षेत्र में जाने की इजाजत नहीं है। उन्हें इसके लिए श्रीलंकाई अधिकारियों से अनुमति लेनी पड़ती है। क्या इसे हम अपनी संप्रभुता पर हमला नहीं कहेंगे?

यह ठीक है कि कच्चातिवु द्वीप का कोई सामरिक महत्व नहीं है, लेकिन क्या सिर्फ इसीलिए हमें यह द्वीप श्रीलंका को सौंप देना चाहिए? गांव में ही हमारी पुश्तैनी जमीनें होती हैं, जो यूं ही पड़ी रहती हैं, लेकिन हम उन पर अपना मालिकाना हक नहीं छोड़ते। वे बेशक परती पड़ी रहती हैं, लेकिन हम उनको बेचते नहीं, अलबत्ता उनकी रखवाली का दायित्व गांव के ही लोगों को सौंप देते हैं। कुछ यही बात कच्चातिवु के लिए भी कहना उचित है। हमारे लिए भले यह द्वीप काम का न हो, लेकिन हमें इस पर अपना दावा नहीं छोड़ना चाहिए। मौजूदा सरकार ने उचित दमखम दिखाया है और उम्मीद है कि जब जून में फिर से नई सरकार सत्ता में आएगी, तब श्रीलंका के साथ इस मसले का भी उचित समाधान निकाला जाएगा और यह द्वीप फिर से हमारे नक्शे का हिस्सा बन जाएगा।

देश की अखंडता से समझौता करना उचित नहीं। क्या आपसी सौहार्द जमीन के टुकड़े देने मात्र से बनते हैं? यह याद रखिए कि उगते सूरज को सभी सलाम करते हैं। किसी भी देश की यह हिम्मत नहीं होती कि वह भारत की अवहेलना करे, यदि हमारा देश उस दौर में वैश्विक मंचों पर उभर रहा होता। आज ऐसा हो रहा है, और अब कोई भी पड़ोसी देश शायद ही हमसे दोस्ती न रखना चाहेगा। इसलिए, जमीन वापस लेकर भी हम श्रीलंका के साथ आपसी रिश्तों को मजबूत बनाए रख सकते हैं।

प्रभात झा, टिप्पणीकार

# सियासी चंदों की दुनिया में विवाद और वफादारी

दुनिया भर के लगभग सभी लोकतंत्रों में राजनीति में पैसे की बढ़ती भूमिका और इससे जुड़ी समस्याएं समाचारों में आती रहती हैं। आजकल भारत भी चर्चा में है। इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर रोज कोई न कोई खुलासा सामने आ रहा है। आंकड़ों का अध्ययन अभी भी जारी है। खासकर बड़े कॉरपोरेट पर नजर है और यह देखा जा रहा है कि कौन किसका वफादार है? क्या हम आने वाले समय में चंदे की व्यवस्था में सुधार कर सकते हैं? पेश है **तनय सुकुमार** की रिपोर्ट ...



इलेस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि एक से अधिक बार चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली अधिकांश कंपनियां किसी एक पार्टी के प्रति वफादार नहीं थीं। भारतीय जनता पार्टी के पास 43 वफादार कॉरपोरेट दानदाता थे, जो दूसरी पार्टियों की तुलना में सबसे अधिक थे। भाजपा के बाद ममता बनर्जी की अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के पास 16 वफादार दानदाता थे। यह विश्लेषण वफादार दानदाताओं को उन कंपनियों के रूप में परिभाषित करता है, जिन्होंने एक से अधिक बार दान दिया और हर बार एक ही पार्टी को दिया है। ऐसे दानदाताओं में सबसे अधिक खरीदारी करने वाली कंपनी कोलकाता स्थित रिप्ले एंड कंपनी स्टीवडोरिंग एंड हैंडलिंग प्राइवेट लिमिटेड थी। लिमिटेड, जिसके सात दान तृणमूल द्वारा भुनाए गए। मूल्य के हिसाब से डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स द्वारा भाजपा को दिए गए पांच दान शीर्ष पर हैं, जिनकी कीमत 130 करोड़ रुपये है।

एक से अधिक बार चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली 91 कंपनियों ने एक ही पार्टी को कई बार चंदा दिया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों का विश्लेषण अभी भी जारी है।

गौर करने की बात है, 263 कंपनियों ने कई बार चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं। विश्लेषण के अनुसार, 762 कॉरपोरेट दानदाताओं में से 263 ने निर्धारित समय सीमा के भीतर एक से अधिक बार चुनावी बॉन्ड खरीदे। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे अधिक बार बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी रही, जिसने 36 बार बॉन्ड खरीदे और नौ अलग-अलग पार्टियों को चंदा दिया।

## भाजपा सबसे बड़ी लाभार्थी

सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा को 362 अलग-अलग कॉरपोरेट दानदाताओं ने चंदा दिया, जिनमें से 43 वफादार दानकर्ता थे। इसके बाद कांग्रेस को 177 दानदाताओं ने चंदा दिया, पर केवल आठ दाताओं ने ही बार-बार चंदा दिया।

बड़ी पार्टी के साथ ही सत्ताधारी पार्टी को भी इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में फायदा हुआ है। अपने देश में अभी भाजपा अकेली पार्टी है, जिसके पास साढ़े तीन सौ से ज्यादा दानदाता हैं। उसके बाद कांग्रेस, बीआरएस, तृणमूल का स्थान है। इन प्रमुख चार पार्टियों के पास ही सौ से ज्यादा कॉरपोरेट दानदाता हैं। कॉरपोरेट उन पार्टियों को तरजीह देते हैं, जो सत्ता में हैं। इन कंपनियों की नीति को सहज ही समझा जा सकता है। हालांकि, कॉरपोरेट की ओर से किया जाने वाला दान अक्सर विवाद में भी रहता है और जिन पार्टियों को दान मिलता है, वो निशाने पर रहती हैं। अपने यहां पारदर्शिता का वह स्तर नहीं है, जैसा होना चाहिए। हम यह देख पा रहे हैं कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सर्वोच्च न्यायालय और चुनाव आयोग ने आंकड़े जारी करके पारदर्शिता सुनिश्चित करने की कोशिश की है, पर राजनीतिक पार्टियों ने स्वप्रेरणा से इस दिशा में कुछ भी नहीं किया। दरअसल, अपने देश में कोई भी राजनीतिक पार्टी ऐसी नहीं है, जो अपने खजाने में पूरी तरह से सफेद धन होने का दावा कर सके।

क्या भारत चुनावी चंदे संबंधी विवादों से बच सकता है? इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद भारत में कौन सी व्यवस्था बनने और लागू होने वाली है? क्या हम दूसरे आदर्श लोकतांत्रिक देशों से कुछ सीख सकते हैं? क्या अमेरिका से सीख सकते हैं?

## अमेरिका में क्या होता है?

अमेरिका भले ही दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र हो, पर यह दुनिया का सबसे महंगा लोकतंत्र भी है। यदि आप अमेरिका में राष्ट्रपति या कांग्रेस का चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो श्रेष्ठ धन संचयकर्ता बनने के लिए तैयार रहें; पारदर्शिता मानदंडों को पूरा करने के लिए खुलासे के अनुरूप एक खाता, ऑडिट और कानूनी टीम होनी चाहिए। अमेरिका में हर लेन-देन पर कड़ी नजर होती है और स्थापित व्यवस्था के तहत लोगों को फंडिंग संबंधी जरूरी सूचनाएं मिलती रहती हैं।

किसी भी लोकतंत्र में राजनीतिक फंडिंग के सवाल पर पारदर्शिता, जवाबदेही, स्वतंत्रता के कई सिद्धांतों और अपेक्षाकृत समान अवसर के बीच एक संतुलन की भी जरूरत होती है। विशेष रूप से अमेरिकी न्यायपालिका ने अपने इतिहास और समझ से सीखा है, ताकि राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने की सांविधानिक गारंटी के साथ राजनीतिक वित्त को संभाला जा सके।


चौंकाने वाली बात यह है कि जब भारतीय मामले में, विधायिका (कार्यपालिका द्वारा प्रेरित) ने उन बदलावों पर जोर दिया है, जो पार्टियों को धन जुटाने के लिए अधिक छूट देते हैं, पर यहां न्यायपालिका ने धन जुटाने की इस प्रक्रिया को रोक दिया। दूसरी ओर, अमेरिका में विधायिका ने महत्वपूर्ण मौकों पर दान और व्यय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, लेकिन न्यायपालिका ने इसे पलट कर एक ज्यादा आरामदायक व्यवस्था बनाई है। अमेरिका में विधायिका इस पक्ष में है कि राजनीतिक दान की सीमा होनी चाहिए, पर वहां का सर्वोच्च न्यायालय सरकार के इस प्रयास को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप मानता है। वैसे यह माना जाता है कि अमेरिका में विधायिका और पार्टी संगठन अपेक्षाकृत ज्यादा ईमानदार है। क्या भारत में भी जरूरी बदलाव करते हुए ऐसा हो सकता है?

अमेरिका में तो न्यायालय ने अधिक धन जुटाने और अधिक खर्च करने के द्वार खोल दिए हैं, क्या भारत में भी ऐसा कुछ हो सकता है? चुनावी चंदे को पारदर्शी बनाने के लिए अनेक स्तरों पर बदलाव की जरूरत पड़ेगी। जैसा कि कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के मिलन वैष्णव ने कहा है कि जब छोटे आदमी की बात आती है, तब पूरी पारदर्शिता बरती जाती है और जब बड़े आदमी की बात आती है, तो सूचनाओं को छिपाने का प्रयास शुरू हो जाता है। वास्तव में उलटा होना चाहिए। हर बड़े देन-देन में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए और छोटे लेन-देन का पीछा करने में समय जाया नहीं करना चाहिए। कथित बड़े लोगों को जब टोका जाएगा, तो पूरे समाज में सही संदेश जाएगा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

भारत में चुनाव में धन की भूमिका जिस तरह से बढ़ रही है, उसमें पारदर्शिता बरतने की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। बड़ी धन राशि को अनियंत्रित या खुला नहीं छोड़ा जा सकता। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका से हम सीख सकते हैं। 2020 में राजनीतिक धन पर नजर रखने वाले ओपनसीक्रेट्स के अनुसार, अमेरिका में राष्ट्रपति, सीनेट और हाउस के चुनावों में राजनीतिक खर्च 14.4 अरब डॉलर था। वहां सतर्कता के बावजूद 2020 के चुनाव में यह अनुमान लगाया गया था कि काला धन एक अरब डॉलर से अधिक का था। कुल मिलाकर, राजनीति में धन को पारदर्शी बनाने के लिए जैसी व्यवस्था अमेरिका में है, उससे हमें सीखना चाहिए। काले धन व भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता, पर न्यूनतम जरूर किया जा सकता है।

mint

### एक बार या बार-बार या बहुतों को चंदा




बार-बार चंदा देने वाले अधिकतर दानदाता भारतीय जनता पार्टी के पास हैं, जबकि एक बार दान देने वालों के मामले में कांग्रेस और भाजपा लगभग समान हैं। किसी से बार-बार चंदा पाने वाली पार्टियों की संख्या भारत में कम है।

वास्तविक आंकड़े इससे बहुत ज्यादा भी हो सकते हैं, इसमें चंदा या दान देने वाले 762 दानदाता ही शामिल हैं, जिनको कंपनी डाटा बेस पर पहचाना गया है। दानदाता तब वफादार माना जाता है, जब एक से अधिक बार दान देता है।

### बड़े वफादार, उनके दल और दान करोड़ों में

| दल | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स 130 | बिरला कार्बन इंडिया 105 | इन्फिना फिनांस 60 |
| तृणमूल | रिप्ले एंड कंपनी स्टीवडोरिंग एंड हैंडलिंग 11.5 | ट्रिवोली पार्क अपार्टमेंट 7 | सालासर स्टॉक ब्रोकलिंग 5 |
| कांग्रेस | बीकेसी प्रोपर्टिज 20 | जेके लक्ष्मी सीमेंट 14 | बंगाल कोक कंपनी 11.32 |
| बीआरएस | हेटेरो ड्रग्स 30 | ऑनौर लैब 25 | आईआरबी एमपी एक्सप्रेसवे 25 |
| बीजद | पेंगुइन ट्रेडिंग ऐंड एजेंसीज 30.5 | जिंदल स्टेनलेस 30 | रश्मि मेटालिक्स 27 |

इसमें ऐसे दानदाता भी शामिल हैं, जिन्होंने बस एक बार इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा।

### क्या सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका में राजनीतिक चंदा पारदर्शी है?

अमेरिका ने अपने अनुभवों से सीखा है। हालांकि, वहां भी चंदा पूरी तरह से पारदर्शी नहीं है। वहां यदि आप सीधे किसी उम्मीदवार के अभियान के लिए 50 डॉलर से अधिक की कोई राशि दान करते हैं, तो अभियान को दाता की पहचान और राशि के बारे में संघीय चुनाव आयोग को बताना पड़ता है। कमी वहां हैं, जहां गैर-लाभकारी संगठन दानदाताओं का खुलासा किए बिना पैसे खर्च कर सकते हैं। अमेरिका में साल 2020 के चुनाव में अनुमान लगाया गया था कि काला धन एक अरब डॉलर से अधिक का था।

### सियासी चंदे से दुनिया के ज्यादातर लोकतंत्रों पर पड़ा असर

राजनीति के लिए धन की जरूरत है और ज्यादातर देशों में यह चुनावी धन व्यवस्था पर असर डालता है। उदाहरण के लिए, जापान में भर्ती घोटाला या ब्रिटेन में सनसनीखेज वेस्टमिंस्टर घोटाला, अमेरिका में प्रसिद्ध वाटरगेट घोटाला, ब्राजील में चुनावी भुगतान से संबंधित घोटालों की श्रृंखला हमेशा याद आती है। लगभग सभी लोकतंत्रों में वित्त की समस्या चिंताजनक है। चुनाव-आधारित राजनीतिक भ्रष्टाचार ने कई यूरोपीय लोकतंत्रों, जैसे इटली, ग्रीस, फ्रांस, स्पेन और बेल्जियम को भी प्रभावित किया है।

**762** से ज्यादा कॉरपोरेट दानदाताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे, 263 ने बार-बार खरीदे।

**362** कॉरपोरेट दानदाताओं ने भाजपा के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। 43 दानदाता वफादार।

**177** कॉरपोरेट दानदाताओं ने कांग्रेस के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं, केवल आठ दाता वफादार।

**91** कंपनियों ने हमेशा एक ही पार्टी के खरीदे इलेक्टोरल बॉन्ड।

### खरीद संख्या के हिसाब से सबसे वफादार दानदाता

| | किस पार्टी को दिया | कितनी बार खरीदा इलेक्टोरल बॉन्ड | कुल चंदा करोड़ रुपये में |
|---|---|---|---|
| रिप्ले एंड कंपनी स्टीवडोरिंग ... | तृणमूल | 07 | 11.5 |
| पेंगुइन ट्रेडिंग एजेंसीज | बीजद | 05 | 30.5 |
| डीएलएफ कॉमर्शियल डेवलपर्स | भाजपा | 05 | 130 |
| रश्मि मेटालिक्स | बीजद | 04 | 27 |
| मिशिगन इंजीनियर्स | भाजपा | 04 | 9 |
| जेके लक्ष्मी सीमेंट | कांग्रेस | 04 | 14 |
| हरदेश ओर्स | भाजपा | 04 | 9 |

### कंपनियां भी पसंद के हिसाब से चुनती हैं पार्टी

ध्यान देने की बात है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के अब तक के आंकड़ों के अनुसार, 11 कंपनियों ने पार्टियां बदली हैं। एक बार एक पार्टी को चंदा देने के बाद 11 कंपनियों ने अगली बार दूसरी पार्टी को दान देने का फैसला किया। इनमें से एक कंपनी अरबिंदो फार्मा भी है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इन 11 मामलों में से पांच में तृणमूल कांग्रेस लाभार्थी रही। भाजपा को केवल तीन मामलों में ही लाभ पहुंचा। कोई भी कंपनी किसी भी दल से संबंध खराब करना नहीं चाहती है, इसलिए भी वह एकाधिक दलों को धन देती हैं।

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा व सफल रहेंगे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार संभव है।

**वृष :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति संभव।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह :** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी पारिवारिक कारोबार की शुरुआत हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या :** मन प्रसन्न तो रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता भी बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परंतु परिवार से दूर जाना पड़ सकता है।

**तुला :** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में सुस्ती आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से सुधार भी हो सकता है।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार में शांति बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि संभव।

**मकर :** मन में शांति रहेगी। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। घर में धार्मिक कार्य होंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत होगी।

**कुंभ :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परंतु मन अशांत हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा, परंतु संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

03 अप्रैल, बुधवार, 14 चैत्र (सौर) शक संवत् 1946, 21 चैत्र मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 23 रमजान सन् 1445, चैत्र कृष्ण नवमी (विक्रमी संवत्) सायं 06.30 मिनट तक। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 09.48 मिनट तक तदनंतर श्रवण नक्षत्र, शिव योग सायं 04.10 मिनट तक तदनंतर सिद्ध योग, तैतिल करण, चंद्रमा मकर राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। वसंत ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 05.23 मिनट (सूर्य उदय से पहले) से।


### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया बताएं कि कर्जा बढ़ने का वास्तु से क्या संबंध है, उपाय भी बताएं?

-काजल, सीतापुर

- यह कई तरह से प्रभावित करता है। जैसे वायव्य दिशा में वास्तु दोष हो, तो कर्ज लेने की प्रवृत्ति आती है। वायव्य दिशा में लाल रंग न रखें। बेडरूम भी न बनाएं। दक्षिण-पूर्व में दोष से कर्ज चुकाना मुश्किल होता है। इस दिशा में रसोई बनाएं। अग्नि, बिजली संबंधी उपकरण यहां रखें। उत्तर-पूर्व में वास्तु दोष होने पर अपनी मूर्खता से कर्ज में फंसते हैं। यहां भूमिगत जल का स्थान बनाएं। इसे हल्का या साफ-सुथरा रखें। विस्तार से जानकारी के लिए किसी वास्तु विशेषज्ञ से मिलें।

### वर्ग पहेली : 7561




**ऊपर से नीचे**

1. विरोधी; हानि पहुंचाने वाला (5)
2. निवास; घर; गृह (3)
4. नियंत्रित करना; लगाम लगाना (3,3)
5. तड़ करके टूटना; बिगड़ना; तड़पना (4)
7. नामवाला; नाम से प्रसिद्ध (3)
10. चेष्टा करना; हिम्मत करना (3,3)
13. एक ही बात बार-बार कहते रहना; किसी शब्द को बारंबार बोलते रहना (2,3)
14. पचास और पांच की संख्या (4)
15. कक्ष; कोठरी (3)
18. एक पेड़ के पीसे बीजों को उबालने से बना पेय; काफी (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

**बाएं से दाएं**

3. बच्चों के लिए गीत (4)
6. तेजी से बढ़कर पकड़वाना; झपटवाना (5)
8. जो एक ही समय में विद्यमान रहे हों; समकालीन; समयानुसार (6)
9. चौड़ा, बड़ा पर पतले कुल्हाड़े जैसा तेजधार का अस्त्र (3)
11. बोलना; प्रकट करना; सुनाना; आदेश (3)
12. कमी; त्रुटि; घाटा; विकार (3)
16. मंचन के लिए तैयार की गई कथा (3)
17. आभा; कांति; दीप्ति; तड़क-भड़क (3,3)
19. मार्ग दिखाना; रास्ता दिखाना; सही दिशा देना (2,3)
20. आदमी-औरत; नर और नारी; स्त्री-पुरुष (2,2)

### वर्ग पहेली 7560 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मी | | 2 मां | 3 ग | र | 4 ख | ना | |
| 5 का | न | न | | ह | | र | | 6 आ |
| | र | | 7 आ | रा | म | प | सं | द |
| 8 सा | ह | 9 स | | ना | | त | | त |
| | 10 ना | ह | क | | 11 से | वा | 12 ले | |
| 13 अ | | न | | 14 चि | | 15 रे | ह | ना |
| 16 भा | वु | क | क | र | ना | | ल | |
| व | | र | | का | | 17 स | हा | रा |
| | 18 दा | ना | डा | ल | ना | | ना | |

### सुडोकू : 7545

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 2 | | |
| | 6 | | 3 | | | 1 | 9 | |
| 2 | 5 | | | | | | | |
| 5 | | | 2 | | 4 | | 7 | |
| 7 | | | | 3 | | | | 2 |
| | 8 | | 1 | | 6 | | | 3 |
| | | | | | | | 8 | 4 |
| | 9 | 8 | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | 4 | 1 | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7544

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 |

# विस्तारा संकट : पायलटों की कमी से रद्द करनी पड़ रहीं उड़ानें

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस की स्वामित्व वाली कंपनी विस्तारा एयरलाइन संकटों से जूझ रही है। कंपनी को सोमवार को 50 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं तथा लगभग 160 उड़ानों में देरी हुई।

पिछले सप्ताह 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं थी। मंगलवार को भी दर्जनों उड़ानों को रद्द किया गया। विस्तारा के अनुसार एयरलाइन हर दिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है।

अब कंपनी प्रभावित यात्रियों के बैकलॉग को खत्म करने के लिए घरेलू मार्गों पर बड़े आकार के विमानों की तैनाती की योजना बना रही है।

### पायलट कर रहे विरोध

विस्तारा की उड़ानें रद्द होने और देरी का मूल कारण पायलटों की कमी है। रिपोर्टों की मानें तो पायलट, एयर इंडिया के साथ विलय से पहले एयरलाइन द्वारा शुरू किए गए नए अनुबंध की शर्तों का विरोध कर रहे हैं। पायलटों में इस बात को लेकर असंतोष है कि विलय के बाद उनके वेतन में कटौती हो सकती है। विस्तारा के पायलटों ने सामूहिक रूप से बीमार होने की जानकारी दी है। कहा जा रहा है कि विस्तारा द्वारा प्रस्तावित संशोधित वेतन के कारण पायलटों ने छुट्टी ले ली है। बीते 2-3 दिनों में सोशल मीडिया पर कंपनी को लेकर लोगों ने काफी शिकायतें की हैं।



### मंत्रालय नजर रख रहा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि वह विस्तारा उड़ानों के रद्द होने तथा पैदा हुई स्थितियों पर नजर रख रहा है। मंत्रालय ने कहा कि उड़ान संचालन का प्रबंधन एयरलाइंस द्वारा ही किया जाता है। उड़ानों के रद्द होने या देरी की स्थिति में यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उसे डीजीसीए मानदंडों का पालन करना होगा।

### विस्तारा में टाटा-सिंगापुर एयरलाइन की हिस्सेदारी

विस्तारा का एयर इंडिया में मार्च 2024 तक विलय का लक्ष्य रखा गया था। फिलहाल इसकी प्रक्रिया चल रही है। विस्तारा एयरलाइंस में टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस दोनों की पार्टनरशिप है। विस्तारा में सिंगापुर एयरलाइंस की 51 फीसदी हिस्सेदारी तथा टाटा संस की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। विलय के बाद एयर इंडिया में सिंगापुर एयरलाइंस की हिस्सेदारी 25 फीसदी रहेगी, एयरलाइन में वह करीब 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### पायलटों को अल्टीमेटम

रिपोर्टों के अनुसार विस्तारा प्रबंधन ने पायलटों को चेतावनी जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 15 मार्च के अंत तक नए अनुबंध को स्वीकार नहीं करने की स्थिति में एकमुश्त भुगतान जब्त कर लिया जाएगा और यह माना जाएगा कि विलय के बाद एयर इंडिया में शामिल होने में आपकी रुचि नहीं है।

### एयरलाइन का जवाब

विस्तारा ने उड़ान संकट पर सोमवार को बयान जारी किया था। जिसमें चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानों के रद्द होने तथा देरी का हवाला दिया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासों की भी बात कही तथा यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी।

### शर्तों को लेकर नाराजगी

विस्तारा के पायलट अप्रैल में प्रभावी होने वाले नए अनुबंध की शर्तों से नाराज हैं। समझौते के तहत, टाटा समूह की एयरलाइनों में वेतन संरचना के अनुरूप ही अब विस्तारा के पायलटों को भी 70 घंटों के बजाय 40 घंटों के लिए एक निश्चित वेतन मिलेगा। इस बदलाव से कई पायलट सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। पायलटों के बीच प्रोमोशन तथा वरिष्ठता को लेकर भी चिंताएं हैं। पायलट की सेवा की अवधि द्वारा निर्धारित वरिष्ठता सहित कई चीजें कैरियर की प्रगति को प्रभावित करती है। विस्तारा के पायलटों के बीच विलय के बाद अपनी वरिष्ठता बनाए रखने को लेकर अनिश्चितता है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | |
|---|---|---|
| 73903 -110.64 | | |
| टॉप गेनर | | |
| कंपनी | बंद | बदलाव% |
| एमएंडएम | 1971.85 | 2.95 |
| नेस्ले | 2622.65 | 1.42 |
| टॉप लूजर | | |
| कोटक बैंक | 1756.65 | -1.84 |
| एचसीएलटेक | 1528.10 | -1.82 |

| निफ्टी | | |
|---|---|---|
| 22453 -08.70 | | |
| टॉप गेनर | | |
| कंपनी | बंद | बदलाव% |
| टाटा कंज्यू | 1130.95 | 4.05 |
| एमएंडएम | 1970.00 | 2.82 |
| टॉप लूजर | | |
| हीरोमोटो | 4566.95 | -2.43 |
| कोटक बैंक | 1756.70 | -1.90 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 68,370 | -50 |
| चांदी | 79,000 | +430 |

### करेंसी

डॉलर/रुपया
83.42 -00.03

## जोमैटो को 184 करोड़ का मांग नोटिस

नई दिल्ली। ऑनलाइन खाने का ऑर्डर देने और उसे मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को 184 करोड़ रुपये से अधिक की सेवा कर मांग और जुर्माने को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी इस आदेश के खिलाफ उचित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी। जोमैटो ने कहा कि यह आदेश अक्तूबर, 2014 से जून, 2017 के बीच सेवा कर का भुगतान नहीं करने को लेकर दिया गया है।

## ई-कॉमर्स खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण करें

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी ई-कॉमर्स खाद्य कारोबार परिचालकों को अपनी वेबसाइट पर बेचे जाने वाले खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 'प्रॉपराइटरी फूड' के तहत लाइसेंस प्राप्त खाद्य उत्पादों को डेयरी-आधारित पेय या अनाज-आधारित पेय मिश्रण- निकटतम श्रेणी के तहत एनर्जी ड्रिंक की श्रेणी में बेचा जा रहा है।

## सोने में हल्की गिरावट, चांदी 430 रुपये चढ़ी

मुंबई। अबतक के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 430 रुपये की तेजी के साथ 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

## प्राकृतिक हीरे को लेकर जागरुकता बढ़ाई जाए

नई दिल्ली। प्राकृतिक हीरा उद्योग पारदर्शिता के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। मैकिंजी सर्वे के मुताबिक 60% उपभोक्ता पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को वरीयता देते हैं। हीरा उद्योग में 'ग्रीनवाशिंग' यानी पर्यावरण के बारे में गलत जानकारी को लेकर चिंता बढ़ी है। प्राकृतिक हीरा उद्योग ने प्रयोगशाला में तैयार हीरे के संबंध में पारदर्शिता की वकालत की है।

## बायजू 500 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

नई दिल्ली। वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

### आईडी नंबर डालते ही कार्डधारक का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होगा

# सीजीएचएस के साथ आयुष्मान कार्ड को लिंक करना अनिवार्य

**सुविधा**

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कर्मचारी आमतौर पर इलाज के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम कार्ड का इस्तेमाल करते हैं जिससे उनका इलाज कम या बिना पैसों के हो जाता है। अगर आप भी सीजीएचएस स्कीम के लाभार्थी हैं तो अब आपको अपने कार्ड को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट की आईडी बनाकर लिंक करना जरूरी है। सरकार ने 1 अप्रैल 2024 से यह नियम लागू कर दिया है और 30 अप्रैल 2024 तक इसको लिंक करने का समय दिया गया है।

रजिस्टर करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर होना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले हेल्थ आईडी पोर्टल (**https://healthid.ndhm.gov.in/**) पर जाना होगा। वहां आभा नंबर मिलेगा।

### आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड के फायदे

1. रोगी का मेडिकल रिकॉर्ड दर्ज रहेगा
2. डॉक्टर को अपना हेल्थ रिकॉर्ड साझा कर सकेंगे
3. मेडिकल हिस्ट्री के बारे में सही जानकारी मिलेगी
4. उपचार की गुणवत्ता बेहतर होगी
5. टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों का उपयोग सहज होगा
6. निजी और सरकारी अस्पतालों का इलाज इस कार्ड पर लिंक होगा




### सीजीएचएस योजना

केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) 1954 में केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य देखभाल सुविधा देने के लिए शुरू की गई थी। वर्तमान में 75 शहरों में 41 लाख से अधिक लाभार्थी इस योजना के अधीन हैं।

### आयुष्मान भारत योजना

आयुष्मान भारत को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में भी जाना जाता है। इस योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को हुई थी। इस योजना के तहत लाभार्थी परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुविधा देती है। योजना के तहत देश के 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा मिल रही है।

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाने के लिए एक मंच विकसित करना है। आभा एक 14 अंकों की संख्या है जो लाभार्थी के हेल्थ आईडी के रूप में जानी जाती है। इसे डिजिटल या हार्डकॉपी के रूप में जारी किया जा सकता है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 16 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

- मार्च में लगातार 33वें महीने बढ़ोत्तरी दर्ज
- सूचकांक बढ़कर 59.1 पर पहुंच गया

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्पादन और नए ठेकों में मजबूत वृद्धि के दम पर मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 16 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

मौसमी रूप से समायोजित ;एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च में बढ़कर 59.1 पर पहुंच गया जो फरवरी में 56.9 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत का मार्च विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विनिर्माण कंपनियों में मजबूत उत्पादन और नए ठेकों से नियुक्तियां बढ़ीं। विनिर्माण उत्पादन मार्च में लगातार 33वें महीने बढ़ा।

## आईपीओ से बासठ हजार करोड़ जुटाए

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते वित्त वर्ष में 76 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये करीब 62,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राशि इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 19 प्रतिशत अधिक है।

शेयर बाजारों में तेजी, खुदरा निवेशकों की जोरदार भागीदारी की वजह से आईपीओ बाजार में तेजी रही। पेंटोमैथ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

## शेयर बाजार में तीन दिन बाद तेजी थमी

नई दिल्ली, एजेंसी। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा।

विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स 110.64 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ।

## अपना देश

# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

**कार्रवाई**

बीजापुर/बालाघाट, एजेंसी। सुरक्षाबलों ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 12 नक्सलियों को मार गिराया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान एक महिला समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मध्य प्रदेश के बालाघाट स्थित केरझारी वनक्षेत्र में सोमवार रात 10 बजे हुई मुठभेड़ में एक महिला समेत दो इनामी नक्सली मारे गए।

बीजापुर पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में एक महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि दल जब लेंड्रा गांव के जंगल में था, तभी मंगलवार सुबह छह बजे नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए।

उधर, बालाघाट में मारे नक्सलियों की पहचान सजंती उर्फ क्रांति और रघु उर्फ शेरसिंह के रूप में हुई है। बालाघाट पुलिस ने बताया कि 38 वर्षीय सजंती पर 29 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं, 52 वर्षीय रघु पर 14 लाख रुपये का इनाम था।

### आधुनिक हथियार और विस्फोटक बरामद

बीजापुर में नौ नक्सलियों के शव, एक एलएमजी, एक 303 राइफल, एक 12 बोर की बंदूक, बड़ी संख्या में बीजीएल लांचर और अन्य हथियार तथा विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि मारे गए नक्सली माओवादियों की पीएलजीए के कंपनी नंबर दो के सदस्य थे।

**वीवीपैट पर नोटिस को महत्वपूर्ण कदम बताया :** नई दिल्ली। वीवीपैट की सभी पर्चियों की गिनती के अनुरोध वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नोटिस जारी करने को कांग्रेस ने पहला महत्वपूर्ण कदम बताया।

# 54 सांसद राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 54 सदस्य सेवानिवृत्त होंगे। इसमें मंगलवार को 49 सदस्य सेवानिवृत्त हो गए, जबकि बुधवार को पांच सदस्य अपनी पारी समाप्त करेंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा में 33 साल लंबी संसदीय पारी से सेवानिवृत्त होंगे। पूर्व पीएम सिंह अक्तूबर 1991 में पहली बार सदन के सदस्य बने। इसके बाद 1991 से 1996 तक नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे, जबकि 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। सदन से जारी रिपोर्ट के अनुसार, सात केंद्रीय मंत्री शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन का राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया।

## ज्ञानवापी प्रकरण में सुनवाई टली

वाराणसी। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक प्रशांत सिंह की अदालत में ज्ञानवापी से जुड़े दो प्रकरणों की सुनवाई मंगलवार को टल गई।

जुलाई 2022 में मुख्तार अहमद समेत चार मुस्लिमों ने अदालत में वाद दाखिल कर ज्ञानवापी स्थित मजार पर उर्स, चादर, गागर समेत अन्य धार्मिक कार्यों की अनुमति मांगी है। अब इसकी सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा सूचना संख्या 99/2023–2024 दिनांक 05.03.2024. क्र.सं. 05
निविदा क्रमांक 02241709 देय दिनांक 03.04.2024
उपरोक्त के संदर्भ में निविदा की नियत तिथि 03.04.2024 से 22.04.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांक: 01.04.2024 972/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः (i) निविदा सूचना संख्या 93/2023–2024 दिनांक 14.02.2024 क्रमांक 09 (ii) निविदा संख्या 07231943 26.04.2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07231943 खोलने की नियत तिथि 26.04.2024 से बढ़ाकर 08.05.2024 कर दी गई है कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 974/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धि पत्र
संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 88/2023-2024 दिनांकः 25.01.2024 क्रमांक 04 ii) निविदा संख्या 07235163 18.04.2024 को देय है। उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07235163 खोलने की नियत तिथि 18.04.2024 से बढ़ाकर 01.05.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 968/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 97/2023–2024 दिनांक 28/02/2024 क्रमांक 08
ii) निविदा संख्या 07231058 04/04/2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07231058 खोलने की नियत तिथि 04/04/2024 से बढ़ाकर 01/05/2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 969/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 87/2023–2024 दिनांक 19/01/2024 क्रमांक 11
ii) निविदा संख्या 07231331A 25/04/2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07231331A खोलने की नियत तिथि 25/04/2024 से बढ़ाकर 08/05/2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 966/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा सूचना संख्या 99/2023–2024 दिनांक 05.03.2024 क्र.सं. 03
निविदा क्रमांक 02245016 देय दिनांक 01.04.2024
उपरोक्त के संदर्भ में निविदा की नियत तिथि 01.04.2024 से 15.04.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांक: 01.04.2024 971/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा सूचना संख्या 99/2023–2024 दिनांक 05.03.2024 क्र.सं. 02
निविदा क्रमांक 02232503 देय दिनांक 01.04.2024
उपरोक्त के संदर्भ में निविदा की नियत तिथि 01.04.2024 से 15.04.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांक: 01.04.2024 973/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला - सारण), बिहार - 841221
ई-निविदा सूचना सं० एस/आर डब्ल्यू पी/ई/53/2023–24 दिनांकः 30.03.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई.प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाईन (ई खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। क्र.सं. : 1, निविदा सं. : 02245034, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : Supply, Erection and Commissioning, मात्रा : 102 nos., निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 30.04.2024 at 14:00 Hrs., क्र.सं. : 2, निविदा सं. : 02245093, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : 3-phase Induction Motor, मात्रा : 2 nos., निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 30.04.2024 at 14:00 Hrs., 1. वेबसाइट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, www.ireps.gov.in है। 2. बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/ बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाइट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।
कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, रेपका, बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2024–25/01

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा सूचना संख्या 95/2023–2024 दिनांक 21.02.2024, क्रम सं. 07
निविदा संख्या 77239067RGC खुलने की तिथि 10.05.2024
निविदा खोलने की तिथि 10.05.2024 से बढ़ाकर 18.06.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोट : उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांक 01.04.2024 970/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान : बैरियर बूम टूटने के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए लेवल क्रॉसिंग गेटों पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत : रु. 92,79,807.56/- |
| 3 | बयाना राशि : रु. 1,85,600/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि : 15.04.2024 (10.30 बजे) से 29.04.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय : 29.04.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत : 29297103 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in |

सं.: 01-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 02.04.2024 975/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए एक पैकेट सिस्टम के अधीन खुली ई टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय परिसर में डबल स्टोरी बिल्डिंग कार्यालय का निर्माण, अधिकारी विश्राम गृह का पुनर्निर्माण, प्रमुख मरम्मत व नवीनीकरण कार्य व अन्य संबंधित कार्य इलेक्ट्रिकल कार्य सहित। |
| 2 | कार्यावधि | 18 (अठारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 956.24 लाख (रुपये नौ करोड़ छप्पन लाख चौबीस हजार मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रुपये 6,28,100/– (रुपये छः लाख अट्ठाइस हजार एक सौ मात्र) |
| 5 | ई. टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.04.2024 को 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई. टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएं दिनांक 25.04.2024 को 11:30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 02.04.2024 से 25.04.2024 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र मे दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं. 220-Acs-1-1247-KG-Works दिनांक 02.04.2024 978/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी हेतु सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 03.04.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1), 22210 (F1), 22812 (F1) |
| 2. | 04.04.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12330 (F1), 12445 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20502 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 3. | 05.04.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 12646 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20408 (F1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 4. | 08.04.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 5. | 10.03.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाड़ी संख्या : 22418/22417 |
| 6. | 12.04.2024 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12284 (F1), 12368 (F1), 12424 (F1), 12952 (F1), 14014 (F1) 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 &R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1) |
| 7. | 15.04.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12425 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 8. | 16.04.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12916 (F1), 12986 (F1), 15035 (F2), 20506 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22654 (F1) |

महत्वपूर्ण सूचना: 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 964/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ लखनऊ ने बेंगलुरु को उसके घर में 28 रन से पटखनी दी ■ डिकॉक का अर्धशतक, मयंक ने चटकाए तीन विकेट

# क्विंटन ने बेंगलुरु के छक्के छुड़ाए


बेंगलुरु में मंगलवार को बेंगलुरु के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते लखनऊ सुपर जायंट्स के क्विंटन डिकॉक। • एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** क्विंटन डिकॉक के दूसरे अर्धशतक और रफ्तार के नए सौदागर मयंक यादव की कहर बरपाती गेंदों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उसके घर में 28 रन से पटखनी दी। लखनऊ दूसरी जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। उसने जिन 11 मैचों में 160 प्लस का स्कोर किया उन सभी में जीत दर्ज की है।

लखनऊ ने पहले डिकॉक (81) और निकोलस पूरन (40 नाबाद) की पारियों से पांच विकेट पर 181 रन बनाए। टीम ने 14 छक्के और दस चौके जड़े। उसके बाद मयंक (14/3) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बेंगलुरु को 153 रन पर ढेर कर दिया। बेंगलुरु इस सत्र में ऑलआउट होने वाली पहली टीम बनी। बेंगलुरु के लिए महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में 33 रन की पारी खेली। उनके अलावा पाटीदार ने 29, कोहली ने 22, डुप्लेसिस ने 19 और सिराज ने 12 रन बनाए।

**शानदार शुरुआत :** इससे पहले डिकॉक ने कप्तान राहुल (20) के साथ पहले विकेट लिए 33 गेंद में 53 रन जोड़कर टीम का शानदार शुरुआत दिलाई। राहुल बड़ी पारी नहीं खेल पाए पर डिकॉक ने खूब रंग जमाया। पडिक्कल (6) का संघर्ष जारी रहा। डिकॉक ने स्टोइनिस (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े।

**निकोलस पूरन का धमाल :** टॉप्ले ने 17वें ओवर में डिकॉक की पारी का अंत किया। पूरन ने प्रहार जारी रखा। उन्होंने टॉप्ले के अगले ओवर में छक्कों की हैट्रिक लगा दी। उन्होंने आखिरी ओवर में सिराज के खिलाफ दो छक्के लगाए जिससे टीम ने अंतिम दो ओवर में 33 रन बटोरे।

### मयंक ने तीन दिन में ही अपना रिकॉर्ड ध्वस्त किया


लखनऊ के 21 साल के युवा तेज गेंदबाज मयंक ने तीन दिन में ही मौजूदा लीग में सबसे तेज गेंद फेंकने का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। यह आईपीएल इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद हैं। इससे पहले दिल्ली के इस बाएं हाथ के पेसर ने पंजाब के खिलाफ 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। लखनऊ ने 2022 में मयंक को 20 लाख रुपये में खरीदा था। उन्हें तब मौका नहीं मिला था। पिछले साल चोट के चलते नहीं खेल पाए थे।

### डिकॉक तीन हजारी

डिकॉक आईपीएल में तीन हजार रन पूरे करने वाले 23वें खिलाड़ी बने। उन्होंने अपने 99वें मैच में यह आकंड़ा छुआ। वह 33.09 की औसत और 134.61 की स्ट्राइक रेट से 3045 रन बना चुके हैं।

### कोहली पहले भारतीय

कोहली का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 100वां टी-20 मुकाबला था। वह एक स्टेडियम में मैचों का शतक लगाने वाले पहले भारतीय जबकि दुनिया के 15वें खिलाड़ी बने। इनमें से रिकॉर्ड 11 खिलाड़ियों ने ढाका के मीरपुर में यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं एलेक्स हेल्स और समित पटेल ने ट्रेंट ब्रिज में ऐसा किया है।

## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स : 181/5 (20 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| डिकॉक क.डागर ब. टॉप्ले | 81 | 56 | 8/5 |
| राहुल क.डागर ब. मैक्सवेल | 20 | 14 | 0/2 |
| पडिक्कल क.अनुज ब. सिराज | 06 | 11 | 0/0 |
| स्टोइनिस क.डागर ब. मैक्सवेल | 24 | 15 | 1/2 |
| निकोलस पूरन नॉटआउट | 40 | 21 | 1/5 |
| बडोनी क. डुप्लेसिस ब. यश | 00 | 03 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या नॉटआउट | 00 | 00 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 10 | | |
| विकेट पतन : 1/53, 2/73, 3/129, 4/143, 5/148. | | | |
| गेंदबाजी : रीसी टॉप्ले | 4-0-39-1 | | |
| यश दयाल | 4-0-24-1 | | |
| मोहम्मद सिराज | 4-0-47-1 | | |
| ग्लेन मैक्सवेल | 4-0-23-2 | | |
| मयंक डागर | 2-0-23-0 | | |
| कैमरन ग्रीन | 2-0-25-0 | | |
| बेंगलरु : 153/10 (19.4 ओवर) | | | |
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| कोहली क.पडिक्कल ब.सिद्धार्थ | 22 | 16 | 2/1 |
| डुप्लेसिस रनआउट | 19 | 13 | 3/0 |
| पाटीदार क.पडिक्कल ब. मयंक | 29 | 21 | 2/2 |
| मैक्सवेल क.पूरन ब.मयंक | 00 | 02 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन ब. मयंक | 09 | 09 | 1/0 |
| अनुज क.पडिक्कल ब.मार्कस | 11 | 21 | 0/0 |
| लोमरोर क. पूरन ब. यश | 33 | 13 | 3/3 |
| कार्तिक क.राहुल ब. हक | 04 | 08 | 0/0 |
| मयंक डागर रनआउट | 00 | 01 | 0/0 |
| रीसी टॉप्ले नॉटआउट | 03 | 06 | 0/0 |
| सिराज क. पूरन ब. हक | 12 | 08 | 0/2 |
| अतिरिक्त | 11 | | |
| विकेट पतन : 1/40, 2/42, 3/43, 4/58, 5/94, 6/103, 7/136, 8/137, 9/138 | | | |
| गेंदबाजी : | | | |
| मनिमारन सिद्धार्थ | 3-0-21-1 | | |
| क्रुणाल पांड्या | 1-0-10-0 | | |
| नवीन-उल-हक | 3.4-0-25-2 | | |
| मयंक यादव | 4-0-14-3 | | |
| रवि बिश्नोई | 3-0-33-0 | | |
| यश ठाकुर | 4-0-38-1 | | |
| मार्कस स्टोइनिस | 1-0-9-1 | | |

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 03 | 03 | 00 | 00 | +1.249 | 06 |
| कोलकाता | 02 | 02 | 00 | 00 | +1.047 | 04 |
| चेन्नई | 03 | 02 | 01 | 00 | +0.976 | 04 |
| लखनऊ | 03 | 02 | 01 | 00 | +0.483 | 04 |
| गुजरात | 03 | 02 | 01 | 00 | -0.738 | 04 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | +0.204 | 02 |
| दिल्ली | 03 | 01 | 02 | 00 | -0.016 | 02 |
| पंजाब | 03 | 01 | 02 | 00 | -0.337 | 02 |
| बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | -0.876 | 02 |
| मुंबई | 03 | 00 | 03 | 00 | -1.423 | 00 |

### ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 203 |
| रियान (राजस्थान) | 181 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 167 |

### पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| मुस्तफिजुर (चेन्नई) | 07 |
| मयंक (लखनऊ) | 06 |
| चाहल (राजस्थान) | 06 |







## आईपीएल 30s

### कोहली ने फिर खुद को निखारा : हसी


मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, वह काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें काफी ज्यादा परेशानियां होंगी। अगर आप इस आईपीएल में स्ट्राइक रेट देखें तो ऐसा लगता है कि वह अपने खेल को एक नए स्तर पर ले गए हैं, उनमें फिर से निखार आया है। उन्होंने कहा कि आप चैंपियंस को कभी भी खारिज नहीं करते। जैसे आप स्टीव स्मिथ को कभी खारिज नहीं कर सकते।

### कोलकाता और राजस्थान का मुकाबला 16 को

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया है। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है। यह मुकाबला अब 16 की जगह 17 अप्रैल को होगा। बीसीसीआई ने हालांकि ऐसा करने का कोई कारण नहीं बताया।

### पराग युवा सूर्यकुमार की याद दिलाते हैं : बांड

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बांड ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग को काफी प्रतिभाशाली बताते हुए उनकी तुलना सूर्यकुमार यादव से की है। पराग दो अर्धशतक जमा चुके हैं। बांड ने कहा, पराग मुझे सूर्यकुमार यादव की याद दिलाता है जो कई साल पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ा था। वह अपार प्रतिभाशाली है और बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है। उसने घरेलू सत्र में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।

### नो बॉल


फ्लाइट में जम्पसूट पहने ईशान किशन और कुमार कार्तिकेय। • वीडियो ग्रैब/एक्स

### 'जम्पसूट' पहनने की मजेदार सजा

मुंबई इंडियंस अपने खेमे में अनुशासन की गंभीरता खिलाड़ियों को बड़े मजेदार और अनोखे अंदाज में समझा रहा है। इसी के चलते विकेटकीपर ईशान किशन, शम्स मुलानी, कुमार कार्तिकेय और नुवान तुषारा को टीम मीटिंग और बस में देरी से आने के चलते सुपरमैन जैसी पोशाक पहनकर सफर करने की सजा दी गई। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को पोस्ट किया है। इसमें ये सभी खिलाड़ी रंग-बिरंगी अनोखी पोशाक पहनकर फ्लाइट में जाते हुए दिख रहे हैं। फ्रेंचाइजी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा- 'जम्पसूट पनिशमेंट' लौट आया है।

# ऑस्ट्रेलिया में ओलंपिक की तैयारियां परखेगी हॉकी टीम

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए सोमवार देर रात ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे।

छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने कहा, इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा।

### भारतीय दल


**गोलकीपर :** कृशन बहादुर, श्रीजेश, सूरज। **डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत, रोहिदास, जुगराज, संजय, सुमित, आमिर। **मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक, विवेक सागर, शमशेर, नीलाकांता, राजकुमार, विष्णुकांत। **फॉरवर्ड :** मनदीप, ललित, अभिषेक, दिलप्रीत, सुखजीत, बॉबी, अराइजीत, गुरजंत, मोहम्मद राहील, आकाशदीप।

# बिंदियारानी को विश्व कप में कांस्य पदक

**भारोत्तोलन**


बिंदियारानी देवी ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में रजत पदक जीता था। • फाइल

**फुकेट (थाईलैंड), एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत जीता था।

**तीन वैध प्रयास :** भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। मीराबाई चानू के 49 किग्रा भार वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली रोमानिया की कैम्बेई मिहाइला-वेलेंटीना ने कुल 201 किग्रा (91 और 110 किग्रा) के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत जीता।

अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा में पदक जीतने के बावजूद बिंदियारानी पेरिस खेलों की दौड़ से बाहर हैं। वह पेरिस ओलंपिक में शामिल 59 किग्रा भार वर्ग में चली गई थी और उस श्रेणी में 2022 विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की और 25वें स्थान पर रही। इसके बाद वह अपने पुराने 55 किग्रा भार वर्ग में वापस आ गईं जिसमें उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

# दो महिला खिलाड़ियों से मारपीट में एक निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दो दिन की ढिलाई के बाद आखिरकार मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है।

इंडियन वुमेंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने दीपक शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

बता दें कि शिकायत में महिला खिलाड़ियों ने कहा था कि शर्मा नशे में थे और अब उन्हें जान का खतरा लग रहा है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी एआईएफएफ से तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा था।

# चांदीमल ने चटगांव टेस्ट बीच में ही छोड़ा

**चटगांव।** पारिवारिक चिकित्सीय आपातस्थिति के कारण श्रीलंका के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल टेस्ट मैच के चौथे दिन स्वदेश लौटना पड़ा है।

मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह किसी स्थानपन्न क्षेत्ररक्षक के साथ उतरेगी। वहीं, श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और सीरीज में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। बांग्लादेश को जीत के लिए 243 रन की दरकार है।

# दस साल बाद लौटेगी चैंपियंस लीग !

**टी-20**

■ भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड इस पर बातचीत कर रहे
■ आखिरी बार चैंपियंस टी-20 लीग 2014 में आयोजित की गई थी

**मुंबई, एजेंसी।** दस साल पहले बंद हो चुकी चैंपियंस लीग क्लब टी-20 चैंपियनशिप फिर शुरू हो सकती है। इस पर भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड बातचीत कर रहे हैं।

आखिरी बार चैंपियंस टी-20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था। तब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो-दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज व न्यूजीलैंड से एक-एक टीम ने इसमें भाग लिया था। चैंपियंस लीग में 2009-10 और 2014-15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए।

चेन्नई सुपर किंग्स व मुंबई इंडियंस ने दो बार जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा, अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिए विंडो बनाना चुनौती है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चैंपियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी-20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। संभव पहली चैंपियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।

## खेल 30s

### विश्व कप में नहीं दिखेगा स्टोक्स का जलवा

लंदन। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स का जलवा नहीं दिखेगा। उन्होंने मंगलवार को कहा कि पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करनी होगी। इसके लिए आईसीसी विश्व टूर्नामेंट में खेलना सही नहीं होगा। स्टोक्स ने वर्ष 2022 में इंग्लैंड के विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मेलबर्न में पाक के खिलाफ फाइनल में नाबाद 52 रन बनाए थे। विजयी रन उनके बल्ले से निकला था।

### फिडे कैंडिडेट्स : प्रज्ञाननंदा शुरू करेंगे अभियान


टोरंटो। युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किया है।

### सोशल मीडिया से


मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि इस टीम के बारे में आपको एक बात पता होनी चाहिये। हम हार नहीं मानते। हम संघर्ष जारी रखेंगे। हौसला बना रहेगा। रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाए जाने के बाद से हार्दिक को प्रशंसकों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। पहले दो मैचों में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई के इस सत्र के पहले मैच में भी उन्हें इसका सामना करना पड़ा। कप्तान के तौर पर हार्दिक पांड्या के कुछ फैसलों की भी आलोचना हुई है।

**उपलब्धि** | बांग्लादेश की 21 साल की बाएं हाथ की गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट चटकाए, मेजबान टीम को फिर भी करना पड़ा हार का सामना

# फरीहा टी-20 में दो हैट्रिक लगाने वाली पहली तेज गेंदबाज बनीं


एक मैच के दौरान विकेट लेने के बाद जश्न मनाती बांग्लादेश की फरीहा। • फाइल फोटो

**मीरपुर, एजेंसी।** बांग्लादेश की फरीहा त्रिस्ना महिलाओं के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो हैट्रिक लेने वाली दुनिया की पहली तेज गेंदबाज बन गईं। बाएं हाथ की 21 वर्षीय गेंदबाज फरीहा ने मंगलवार को विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की पारी के अपने चौथे और टीम के अंतिम ओवर में पैरी (29), सोफी (0) और बेथ मूनी (0) को पवेलियन भेजा। उन्होंने 19 रन देकर चार विकेट लिए।

**02** बांग्लादेशी क्रिकेटर ही अब तक टी-20 में हैट्रिक लगा पाई हैं

**43** हैट्रिक अब तक महिला टी-20 क्रिकेट में लग चुकी हैं

फरीहा टी-20 में दो बार हैट्रिक लगाने वाले दुनिया की तीसरी गेंदबाज हैं। वह युगांडा की ऑफ स्पिनर कॉसी अवेको और हांगकांग की बाएं हाथ की स्पिनर कैरी चैन के क्लब में शामिल हो गईं। फरीहा ने अक्तूबर 2022 में एशिया कप में मलेशिया के खिलाफ पहली बार लगातार तीन गेंदों पर तीन विकेट चटकाए थे। वह फाहिमा खातून के बाद बांग्लादेश की ओर से हैट्रिक लेने वाली दूसरी गेंदबाज हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच 58 रन से जीता। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया वेयरहम (57) के अर्धशतक और ग्रेस हैरिस (47) की पारी से आठ विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाए।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओत्रा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर, प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी*, दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

# भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट जरूर मिलेगी : जयशंकर

**भरोसा**

**राजकोट, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता निश्चित रूप से मिलेगी, क्योंकि दुनिया में इस तरह की भावना है कि उसे यह जगह मिलनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि देश को इसके लिए इस बार कड़ी मेहनत करनी होगी। वह गुजरात के राजकोट शहर में आयोजित वार्ता में बोल रहे थे, जहां उनसे यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने की भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा गया। जयशंकर ने कहा, संयुक्त राष्ट्र की स्थापना लगभग 80 वर्ष पहले हुई थी और उस वक्त पांच देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका ने आपस में सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला कर लिया था।

जयशंकर ने कहा कि उस समय दुनिया में करीब 50 स्वतंत्र देश थे, जो अब बढ़कर 193 हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, लेकिन इन पांच देशों ने उनका नियंत्रण रखा और अजीब बात है कि आपको उनसे कहना पड़ता है कि बदलाव के लिए मंजूरी दें।

कुछ सहमत होते हैं, कुछ अन्य ईमानदारी से अपना रुख रखते हैं, वहीं अन्य पीछे से कुछ करते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि कई सालों से यह चल रहा है। लेकिन अब पूरी दुनिया में इस तरह की भावना है कि यह बदलना चाहिए और भारत को स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। मुझे लगता है कि यह भावना हर साल बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा, हम निश्चित रूप से जल्द ही सदस्यता को हासिल करेंगे। लेकिन बिना परिश्रम के कुछ बड़ा हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें पहले से भी ज्यादा कठिन परिश्रम करने की जरूरत है। इसके साथ ही इस बार हमें और कड़े प्रयास करने होंगे।

### यूक्रेन, गाजा पर नहीं बन पाई सहमति



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने संयुक्त राष्ट्र के सामने मिलकर एक प्रस्ताव रखा है और उन्हें लगता है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, लेकिन हमें दबाव बनाना चाहिए और जब यह दबाव बढ़ता है तो दुनिया में यह भावना पैदा होती है कि संयुक्त राष्ट्र कमजोर हो गया है। यूक्रेन युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र में गतिरोध था और गाजा के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में कोई आम सहमति नहीं बन पाई थी। मुझे लगता है कि जैसे-जैसे यह भावना बढ़ेगी, हमें स्थायी सीट मिलने की संभावना भी बढ़ेगी।

### आंतरिक मामलों पर टिप्पणी का जवाब देंगे

**अहमदाबाद, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को पश्चिमी और यूरोपीय देशों को दो टूक में कहा कि अगर कोई देश भारत की आंतरिक राजनीति पर टिप्पणी करता है तो कड़ा जवाब मिलेगा। उन्होंने आंतरिक मामलों पर राजनीतिक बयान देने से बचने की सलाह दी। ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका और जर्मनी के दूतों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी की टिप्पणी के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि उसे ऐसे बयानों पर आपत्ति है। जयशंकर ने कहा, किसी ने संयुक्त राष्ट्र के एक व्यक्ति से (केजरीवाल की गिरफ्तारी के बारे में) पूछा और उन्होंने कुछ जवाब दिया।

**80** वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई और चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन व अमेरिका ने परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला कर लिया था

**विदेश 30s**



स्विट्जरलैंड के जर्मेट में मंगलवार को हिमस्खलन में दबे लोगों की तलाश में जुटे राहत और बचाव दल के कर्मचारी। • एएफपी

### सीनेट चुनाव में पीएमएल-नवाज गठबंधन जीता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन ने सीनेट चुनाव में शानदार जीत हासिल की। द्विसदनीय संसद के ऊपरी सदन की 48 रिक्त सीट के लिए हुए चुनाव के बाद अबतक 19 सीट के नतीजे घोषित किए गए हैं जिनमें से 18 पर सत्तारूढ़ गठबंधन ने जीत दर्ज की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले गठबंधन को 18 सीट पर जीत मिली है।

### 'चुनाव बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक के रिश्ते'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, पड़ोसी देश भारत के साथ रिश्ते सुधर सकते हैं। उन्होंने आम चुनाव बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी पृष्ठभूमि है। हमें उम्मीद है कि तनावपूर्ण रिश्तों में सुधार आएगा।

### मुरैना में रेलवे पुल ढह जाने से पांच मजदूर घायल

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में क्वारी नदी पर बना 100 वर्ष पुराना पुल मंगलवार को सुबह ढह गया जिससे पांच मजदूर घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना कैलारस थाना क्षेत्र के सिकरोदा गांव के पास की है। उप संभागीय मजिस्ट्रेट प्रदीप तोमर ने बताया कि रेलवे की छोटी लाइन पर बने 100 वर्ष से अधिक पुराने पुल को तोड़ा जा रहा है।

### अब्देल फतेह अल-सिसी बने मिस्र के राष्ट्रपति

**काहिरा।** अब्देल फतेह अल-सिसी के सिर पर तीसरी बार मिस्र के राष्ट्रपति का ताज सजा है, उन्होंने मंगलवार को पद की ली। वह देश के लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं। वह 2030 तक अरब जगत के तीसरे सबसे आबादी वाले देश के राष्ट्रपति रहेंगे। उन्होंने दिसंबर 2023 में 89.6 फीसदी वोट हासिल कर के चुनाव में जीत दर्ज की थी। चुनाव में उनके सामने तीन अन्य उम्मीदवार थे।

### बुशरा बीबी को विषाक्त भोजन दिया गया : इमरान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उनके आवास पर बनाई गई उप-जेल में विषाक्त भोजन दिया गया। यदि उन्हें नुकसान पहुंचता है तो सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पीटीआई नेता ने अदियाला जेल में तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को सूचित किया कि उनकी पत्नी को जहर देने का प्रयास किया गया था।

### हिंदू देवी-देवताओं के गलत चित्रण पर मामला दर्ज

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पांडिचेरी (केंद्रीय) विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान एक नाटक में हिंदू देवी-देवताओं का कथित रूप से आपत्तिजनक ढंग से चित्रण करने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कालापेट पुलिस ने इस नाटक का मंचन करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें निर्देशक और पटकथा लेखक भी हैं।

रक्षा मंत्री ने चीन और पाकिस्तान सीमाओं से जुड़ी चुनौतियों पर किया विचार-विमर्श

# सेना साइबर खतरों को ध्यान में रखकर बनाए रणनीतिः राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि हाईब्रिड युद्ध सहित गैर-परंपरागत युद्ध भविष्य में पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा, साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के टकरावों का एक अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सशस्त्र बलों को अपनी योजना बनाते और रणनीति तैयार करते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

थल सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने देश में सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति देश के करोड़ों नागरिकों के भरोसे पर मुहर लगाई। सेना के कमांडरों ने चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों और बल की युद्ध क्षमता को बढ़ावा देने के तरीकों पर गहन विचार-विमर्श किया।

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।



नई दिल्ली में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सीडीएस जनरल अनिल चौहान और भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ यूएन जर्नल 2024 का अनावरण किया। • एएनआई

### सुरक्षाबलों के बीच तालमेल महत्वपूर्ण

पाकिस्तान के साथ लगी सीमा पर की स्थिति का जिक्र करते हुए, रक्षा मंत्री सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने सशस्त्र बलों, स्थानीय पुलिस और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना की।

### राष्ट्र निर्माण में बलों की भूमिका अहम

सिंह ने कहा राष्ट्र निर्माण में बल की भूमिका अहम है। सिंह ने अपने संबोधन में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी प्रशंसा की। कहा कि इसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में व्यापक सुधार हुआ है।

### सेना हर मोर्चे पर सफल

राजनाथ सिंह ने हर जरूरत के समय नागरिक प्रशासन को सहायता करने के अलावा, देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना की बेहतरीन भूमिका की तारीफ की। उन्होंने कहा, सेना देश में स्थिर आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में मौजूद है।

## अरुणाचल के स्थानों का नाम बदलने पर भारत सख्त

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की चीन की कोशिशों को मंगलवार को दृढ़ता से खारिज करते हुए कहा कि मनगढ़ंत नाम रखने से यह वास्तविकता बदल नहीं जाएगी कि यह राज्य भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, रहा है और हमेशा रहेगा।

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने की चीन की हालिया कोशिशों के बीच बीजिंग ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी कर कहा कि चीन मूर्खतापूर्ण प्रयासों को जारी रखे हुए है। हम ऐसे प्रयासों को अस्वीकार करते हैं।

### सरकार की प्रतिक्रिया कमजोर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता मनीष तिवारी ने चीन के जरिये नाम बदलने पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया को कमजोर करार दिया है। जयशंकर ने कहा था कि मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा।

## कच्चातिवु पर दुष्प्रचार कर रही है द्रमुक : सीतारमण

**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर दुष्प्रचार करने और इस मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया। भारत ने 1974 में यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था।



**भारत ने 1974 में यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था**

सीतारमण ने कहा कि तत्कालीन द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उस समय केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस के इस कदम की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने विरोध नहीं किया। वित्त मंत्री ने कहा कि 1967 के बाद तमिलनाडु में सत्ता में आने में विफल रही कांग्रेस को इस द्वीप को गंवाने के लिए देश को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## इजरायल के हमले में पांच देशों के कर्मियों की मौत

**गाजा की जंग**

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** अमेरिकी सहायता समूह वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी गाजा में राहत सामग्री वितरित समय इजरायली हमलों की चपेट में आ गए। जिससे सात कर्मचरियों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला जॉमी फ्रैंककॉम भी शामिल है, जिनकी मां मिजोरम से हैं। इजरायली सेना ने जांच का आदेश दिया है, वहीं अमेरिका ने हमले को गलत बताते हुए राहत कर्मियों की सुरक्षा पर जोर दिया।

ये कर्मचारी, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, पोलैंड, कनाडा, अमेरिका और फलस्तीन के थे। सहायता समूह ने कहा कि कर्मचारियों के मारे जाने के बाद वह सहायता परिचालन रोक रहा है। सोमवार देर रात ये हमला हुआ, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक्स पर कहा, राहत कर्मियों की सुरक्षा की जानी चाहिए।

**साइप्रस के रास्ते लाई गई थी राहत सामग्री :** अमेरिकी सहायता समूह वर्ल्ड सेंट्रल किचन और यूरोपीय संघ की सहायता से इस सामग्री को साइप्रस के समुद्री रास्ते गाजा में लगाया गया था। समूह के सीईओ एरिन गोर ने कहा, आवाजाही को लेकर उनसे (इजराइली सेना) समन्वय किए जाने के बावजूद टीम को निशाना बनाया गया जो करीब 100 टन मानवीय सहायता उतारने के लिए देर अल-बला स्थित गोदाम जा रही थी। यह केवल वर्ल्ड सेंट्रल किचन पर ही हमला नहीं है बल्कि मानवीय संगठनों पर भी हमला है जो गंभीर परिस्थितियों में काम कर रहे हैं जहां भोजन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और यह माफी योग्य नहीं है।

**नेतन्याहू ने स्वीकारा :** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्वीकार किया है कि उनकी सेना द्वारा किए गए हमले में सात सहायता कर्मियों की मौत हुई है। अधिकारी इसकी पूरी तरह से जांच कर रहे हैं और ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए हरसंभव उपाय करेंगे। इजरायली सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने घटना पर संवेदनाए व्यक्त करते हुए कहा कि हम मामले की गंभीरता से जांच करेंगे।

### ईरानी दूतावास पर हमले में सात की मौत

**दमिश्क (सीरिया), एजेंसी।** सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायल हमले में ईरान के दो जनरल और पांच अधिकारी मारे गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य अधिकारियों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ी हैं। दरअसल, ईरान गाजा और लेबनान में इजरायल से लड़ने वाले चरमपंथी समूहों का समर्थन करता है।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस मॉड्यूल के सात लोगों की पहचान की गई है जिसमें से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे इस मॉड्यूल के सरगना और लश्कर-ए-तैयबा के मोहम्मद कासिम के लिए 10 लाख रुपये के इनाम वाला एक पोस्टर जारी किया है। डीजीपी आर.आर. स्वैन ने यहां मीडिया से कहा, जोन पुलिस और सीआईबी ने रणनीति तैयार कर कार्रवाई की है।

## सर्वेक्षण में धार्मिक प्रतीक चिह्न मिलने का दावा

**भोजशाला मामला**

**धार (मध्यप्रदेश), एजेंसी।** मध्यप्रदेश के धार के भोजशाला मसले से जुड़े एक हिंदू पक्षकार ने मंगलवार को दावा किया कि भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में चल रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंदुओं के धार्मिक प्रतीक चिह्नों और वस्तुओं वाला तहखाना मिला है।

हालांकि, मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया कि यह दावा 'भ्रामक' है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वेक्षण शुरू किया था। यह आदेश भोजशाला मसले में अदालत में याचिका दायर करने वाले एक हिंदू संगठन के आवेदन पर दिया गया था।


खंडित प्रतिमाएं तहखाने में रखी हैं

हिंदू समुदाय के पक्षकार कुलदीप तिवारी ने धार में संवाददाताओं से कहा कि भोजशाला परिसर में जो चीजें पहले दिखाई नहीं देती थीं, वे अब सामने आ रही हैं।

## ट्रेन की छत पर लेटकर कानपुर पहुंचा

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर जा रही 12572 हमसफर एक्सप्रेस की छत पर लेटकर फतेहपुर का एक युवक कानपुर तक पहुंच गया। विद्युत चालित इस ट्रेन पर पांच घंटे तक उसने जहां लेटे-लेटे सफर किया वहां से सिर्फ पांच फीट की दूरी पर मौत थी।

ओएचई लाइन में दौड़ रहे 11 हजार वोल्ट के करंट के बीच उसके हैरतअंगेज कर देने वाले सफर से सनसनी फैल गई। विद्युत आपूर्ति बंद कराकर आरपीएफ और जीआरपी ने उसे उतारा और गिरफ्तार कर लिया। यह वाकया सोमवार की रात का है। हमसफर एक्सप्रेस सोमवार की रात 20:05 बजे आनंदविहार से कानपुर के लिए चली। वहीं पर कोच संख्या बी-11 की छत पर फतेहपुर के बिंदकी की 30 वर्षीय दिलीप कुमार लेट गया। कानपुर सेंट्रल पर यह ट्रेन रात 12:53 बजे प्लेटफार्म नंबर नौ पर आई। रोशनी पड़ने पर यह युवक छत पर लेटा हुआ दिखा। यह देख वेंडर चौंक गए।



इस तरह लेटकर दिल्ली से कानपुर पहुंचा दिलीप कुमार। (लाल घेरे में)

## ईडी के सामने पेश न होने पर जिलाधिकारियों को फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन मामले में आदेश के बावजूद ईडी के समक्ष पेश नहीं होने पर तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों को मंगलवार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने इन अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने 'लचर रुख' अपनाया और उनकी कार्रवाई दिखाती है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। पीठ ने कहा कि हमारी राय में, इस तरह का लचर रुख उन्हें किसी कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने उन्हें ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उपस्थित होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया था।

**कोर्ट के प्रति सम्मान नहीं :** शीर्ष अदालत ने कहा कि इससे पता चलता है कि अधिकारियों के मन में न तो अदालत और न ही कानून के प्रति सम्मान है और भारत के संविधान का तो बिल्कुल भी नहीं।

### विद्यार्थियों से नहीं कर सकते अलग व्यवहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विदेश से चिकित्सा स्नातक करने वालों के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता।

उक्त विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान उन साथियों के समान ही वजीफा दिया जाना चाहिए जिन्होंने भारतीय कॉलेजों से एमबीबीएस किया है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रसन्ना भालचंद्र वराले की पीठ ने कुछ चिकित्सकों की ओर से पक्ष रख रही वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर संज्ञान लिया कि कुछ मेडिकल कॉलेजों में विदेशी चिकित्सा स्नातकों को उनकी इंटर्नशिप के दौरान स्टाइपेंड नहीं दिया जा रहा है।

## ट्रंप ने जमा किया 17.5 करोड़ डॉलर का मुचलका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नागरिक धोखाधड़ी मामले में अपने ऊपर लटक रखी प्रॉपर्टी जब्त होने की कार्रवाई से बचने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अदालत के आदेश पर 17.5 करोड़ डॉलर का मुचलका जमा कराया है।



**प्रॉपर्टी जब्त होने से रोकने को जमा किया**

ट्रंप को बेहतर लोन और बीमा शर्तों को सुरक्षित करने के लिए धोखाधड़ी से अपनी कुल संपत्ति को अरबों डॉलर तक बढ़ाने के लिए 16 फरवरी को दोषी पाया गया था। हालांकि पहले अदालत ने उन्हें 45.4 करोड़ डॉलर का बांड भरने का आदेश दिया था, लेकिन 25 मार्च को एक अपीलीय अदालत ने पूर्व न्यायमूर्ति आर्थर एंगोरोन के फैसले पर रोक लगा दी था।

जिस संपत्ति के जब्त होने पर तलवार लटक रही थी, उसमें ट्रंप टॉवर, वेस्ट चेस्टर में उनका 370 एकड़ का रिसार्ट और गोल्फ कोर्स, फ्लोरिडा में मार-ए-लागो भवन शामिल था।

### पेपर लीक मामले में 15 प्रशिक्षु दरोगा धरे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने मंगलवार को 2021 भर्ती पेपर लीक मामले में पूछताछ के लिए राज्य पुलिस अकादमी से 15 प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों को हिरासत में लिया।

एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक और एसआईटी के प्रमुख वीके सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2021 सब-इंस्पेक्टर भर्ती पेपर लीक मामले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रशिक्षुओं को हिरासत में लिया गया है। पिछले महीने एसओजी ने मामले में 15 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को गिरफ्तार किया था।

### इमारत में आग से 29 लोगों की मौत

**इस्तांबुल, एजेंसी।** इस्तांबुल में मंगलवार को एक 16 मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें कई की हालत गंभीर है।

गवर्नर दावुत गुल ने कहा, ये हादसा बेसिकटास जिले के गेरेटेपे में हुआ। घंटों की मशक्कत के बाद अग्निशामकों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि इमारत की कई खिड़कियों से आग और धुएं का गुब्बार उठ रहा है। गुल ने कहा, इमारत के भूतल पर एक नाइट क्लब में लगी, जहां नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था।

## स्कूल बस पलटने से तीन छात्राओं समेत चार की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**बाराबंकी।** लखनऊ चिड़ियाघर का भ्रमण कराकर लौट रही एक निजी बस मंगलवार की शाम देवा थाना क्षेत्र में सालारपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा बाइक चालक को बचाने में हुआ। इस हादसे में तीन छात्राओं समेत चार लोगों की मौत हो गई।

हादसे में छात्र-छात्राओं समेत 26 लोग घायल हैं। एक छात्र व युवक की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। विकास खंड, सूरतगंज के कम्पोजिट विद्यालय हरक्का के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यालय का स्टॉफ 30 छात्र-छात्राओं को लेकर लखनऊ चिड़ियाघर गया था। शाम को बस बच्चों को लेकर लौट रही थी।

बाराबंकी-फतेहपुर मार्ग पर देवा थाना क्षेत्र में सालारपुर के पास बस के आगे अचानक एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कक्षा आठ की छात्रा शुभी, मानसी व कामिनी और बस के परिचालक की मौके पर मौत हो गई। घायल 15 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**व्यवस्था** | वीआईपी प्रवेश द्वार को दिव्यांग अथवा बुजुर्ग श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए आरक्षित किया, दोनों के मार्ग भी अलग-अलग होंगे

# राम मंदिर में खुले स्वर्ण द्वार समेत तीन वीआईपी रास्ते

**दिव्यधाम में राम**

■ **कमलाकान्त सुन्दरम**

**अयोध्या।** श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से वीवीआईपी का प्रवेश प्रार्थना मंडप के अंदर खुलने वाले उत्तरी स्वर्ण द्वार से कराया जाएगा। यह श्रद्धालु गण गर्भगृह के सामने नजदीक से दर्शन पा सकेंगे।

राम मंदिर में आम श्रद्धालुओं के साथ वीआईपी और वीवीआईपी श्रद्धालुओं के दर्शन की होड़ को ध्यान में रखते हुए सोमवार से नई व्यवस्था का निर्धारण किया गया है। इस व्यवस्था में वीआईपी एवं वीवीआईपी के अलावा व्हील चेयर से रामलला का दर्शन करने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं का मार्ग अलग-अलग कर दिया गया है। वीआईपी प्रवेश द्वार को अब दिव्यांग अथवा बुजुर्ग श्रद्धालुओं जो व्हील चेयर पर प्रवेश कर रहे हैं, के लिए आरक्षित कर दिया गया है।



अयोध्या में श्रीराममंदिर में मंगलवार को लगी भक्तों की लंबी कतार।




# Hindustan Times

# Legacy of Leadership

Thank you, readers, for making us your **No.1 choice** once again.
We are honoured by your unwavering support to HT's Truth, Clarity & Credibility.




*Source: Audit Bureau of Circulations (ABC) Jan-Dec 2023 (Delhi Edition)
*HT 6.86 lakh copies per day, No. 2 newspaper 5.95 lakh copies per day